दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 104 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | बुधवार, 19 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# डीजीपी बोले- फेक न्यूज-डीप फेक से लोग होते भ्रमित

## कहा- युवा रहें जागरूक, फैक्ट चेक और एआई टेक्नीक का यूज करे मीडिया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर में डीजीपी राजीव शर्मा ने कहा- आज के दौर में पुरानी घटनाओं को नई के रूप में प्रस्तुत कर चंद सैकंड में लाखों लोगों तक पहुंचाया जाता है। इससे फेक न्यूज और डीप फेक से लोग भ्रमित हो जाते हैं। डीजीपी शर्मा ने कहा- देश में 9 मिलियन से अधिक इंटरनेट यूजर हैं। इनमें से 34 प्रतिशत सोशल मीडिया का यूज करते हैं। अक्सर वे झूठी खबरों पर निर्भर हो जाते हैं। 18 से 24 वर्ष के युवाओं को इस संबंध में जनजागरूकता की सबसे अधिक जरूरत है। इंटरनेट पर बढ़ रहे डीप फेक और फेक न्यूज (झूठी खबरों) की चुनौती से निपटने के लिए इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस हैदराबाद और राजस्थान पुलिस की ओर से मंगलवार को राजस्थान पुलिस अकादमी के नालंदा सभागार में मीडियाकर्मियों के लिए कार्यशाला में डीजीपी राजीव शर्मा ने यह कहा।

### मीडिया और पुलिस को एआई टूल्स से ऑनलाइन कंटेंट को पहचानना बताया

कार्यशाला में मीडिया और पुलिस को एआई टूल्स की मदद से ऑनलाइन प्रसारित भ्रामक कंटेंट को पहचानने और रोकने के तरीकों को बताया गया। आरपीए के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रोग्राम का शुभारंभ करते हुए डीजीपी राजीव शर्मा ने इन्फॉर्मेशन वॉर के टूल के रूप में फेक न्यूज के कारण कानून व्यवस्था बिगड़ने, मानसिक प्रताड़ना और फाइनेंशियल फ्रॉड जैसी घटनाओं पर चिंता जताई। डीजीपी राजीव शर्मा ने मीडिया से ब्रेकिंग न्यूज देने की जल्दबाजी में फैक्ट चेक (तथ्य जांच) करने की अपील की, क्योंकि एक गलत न्यूज से बड़ा नुकसान हो सकता है। मीडिया को भी तकनीक का इस्तेमाल करने और किसी भी स्तर पर शंका होने पर पुलिस के साथ मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया। डीजीपी राजीव शर्मा ने कहा- मीडिया और पुलिस अलर्ट रहे। भ्रामक प्रचार रोकने के लिए मिलकर प्रयास करे, ताकि सच्चाई ही आमजन तक पहुंचे।साथ ही IT का यूज अच्छे कामों में हो सके।




### कार्यशाला में पुलिस उच्चाधिकारी हुए शामिल

कार्यशाला में मीडियाकर्मियों और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने हिस्सा लिया। इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस की तरफ से वरिष्ठ फैकल्टी प्रोफेसर मनीष गंगवार, मेजर विनीत कुमार सहित लगभग 10 मेंबर ने मीडियाकर्मियों को डीप फेक की पहचान के लिए एआई टूल्स के उपयोग पर प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर डीजी साइबर (क्राइम व लॉ एंड ऑर्डर) संजय अग्रवाल, राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस संजीव नार्जारी, अतिरिक्त महानिदेशक (साइबर क्राइम) पुलिस वीके सिंह, महानिरीक्षक पुलिस अजयपाल लांबा, डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप, एसपी राशि डोगरा, शांतनु सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश में हसीना के बयान छापने पर रोक

## सरकार ने मीडिया को सख्त चेतावनी दी



बढ़ता राजस्थान

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश के सभी मीडिया संस्थानों (प्रिंट, टीवी और ऑनलाइन) के लिए सख्त चेतावनी जारी की है। सरकार ने साफ कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बयानों को पब्लिश न किया जाए। सरकार ने इसके पीछे राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला दिया है। नेशनल साइबर सिक्योरिटी एजेंसी ने सोमवार को एक प्रेस रिलीज जारी की। इसमें कहा गया है कि शेख हसीना अब दोषी और भगोड़ी करार दी जा चुकी हैं। रिलीज के मुताबिक उनके बयानों से देश में हिंसा भड़क सकती है, अशांति फैल सकती है और सामाजिक भाईचारा टूट सकता है। दूसरी तरफ अंतरिम सरकार हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल को वापस देश लाने के लिए अब इंटरपोल की मदद लेगी। इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल के प्रोसीक्यूटर गाजी रू॥ तमीम ने बताया कि वे विदेश मंत्रालय के जरिए इंटरपोल को फैसले की कॉपी और गिरफ्तारी वारंट भेजेंगे, ताकि उन्हें बांग्लादेश वापस लाया जा सके।

### हसीना को मौत की सजा के खिलाफ आज बांग्लादेश बंद

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मौत की सजा के खिलाफ उनकी बैन हो चुकी पार्टी अवामी लीग ने आज देशभर में बंद बुलाया। अवामी लीग ने ढाका की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल के फैसले को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। पार्टी ने अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस और मंत्रियों से तुरंत इस्तीफे की मांग की है। अवामी लीग के नेता जहांगीर कबीर नानक ने पार्टी के फेसबुक पेज पर एक वीडियो जारी कर कहा कि यह फैसला पक्षपातपूर्ण और राजनीतिक बदला लेने वाला है। नानक ने अदालत की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए।

# भारत का विकास मॉडल दुनिया के लिए आशा का प्रतीक बना : मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को छठवें रामनाथ गोयनका व्याख्यान में दिए अपने भाषण को साझा करते हुए देशवासियों से अगले दस वर्षों में गुलामी की मानसिकता से पूर्ण मुक्ति का संकल्प लेने अपील की। उन्होंने कहा कि यह मानसिकता उपनिवेशवाद की देन है और अब समय आ गया है कि देश इससे पूरी तरह बाहर निकले। उन्होंने देशवासियों से सामूहिक संकल्प के साथ औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ने का आग्रह किया।

### भारत का लोकतंत्र लगातार हो रहा सशक्त

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा किए अपने पोस्ट में कहा कि रामनाथ गोयनका का जीवन राष्ट्र प्रथम की भावना और सत्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक था। उन्होंने हमेशा कर्तव्य को सर्वोपरि रखा और यही भावना आज भी पत्रकारिता और लोकतंत्र दोनों के लिए प्रेरणा है।



### लोकतंत्र पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कही यह बात

लोकतंत्र पर बात करते हुए पीएम मोदी ने हाल के बिहार विधानसभा चुनाव का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड मतदान और विशेष रूप से महिलाओं की बढ़ती भागीदारी इस बात का संकेत है कि भारत का लोकतंत्र लगातार सशक्त हो रहा है।

### देश की आर्थिक प्रगति और सामाजिक परिवर्तन दुनिया के सामने मिसाल

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के विकास को विश्व के लिए आशा का मॉडल बताते हुए कहा कि देश की आर्थिक प्रगति और सामाजिक परिवर्तन दुनिया के सामने मिसाल बन रहे हैं। चुनाव जीतने का मूल मंत्र जनता की भावनाओं को समझना है, न कि लगातार चुनाव मोड में बने रहना। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि माओवाद का प्रभाव लगातार घट रहा है, जो भारत के विकास और सुरक्षा के लिए अत्यंत सकारात्मक संकेत है।

### एसआईआर के खिलाफ दिल्ली में रैली करेगी कांग्रेस

# खड़गे बोले- हम वोटर्स को हटाने की कोशिश का विरोध करेंगे, वोटर लिस्ट रिवीजन का तमिलनाडु में भी बायकॉट



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 12 राज्यों में एसआईआर को लेकर बैठक की। इसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बैठक, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हुए। पार्टी दिसंबर के पहले हफ्ते में दिल्ली के रामलीला मैदान पर एसआईआर के खिलाफ रैली करेगी। आज की बैठक में केसी वेणुगोपाल, संबंधित राज्यों के कांग्रेस प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता तथा उन राज्यों के कांग्रेस कार्यसमिति सदस्यों सहित वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक में खड़गे ने कहा कि कांग्रेस वोटर लिस्ट से नाम नहीं हटाने देगी। ऐसे समय में जब लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास कम हो रहा है, चुनाव आयोग का आचरण अत्यंत निराशाजनक है। चुनाव आयोग को यह बताना चाहिए कि वह भाजपा की छत्रछाया में काम नहीं कर रहा है। भाजपा वोट चोरी के लिए एसआईआर को हथियार बनाने की कोशिश कर रही है,अगर चुनाव आयोग ने नजरअंदाज कर दिया, तो यह चुप्पी साध लेने जैसा होगा। कांग्रेस असली मतदाताओं को हटाने या फर्जी मतदाताओं को शामिल करने की हर कोशिश का पर्दाफाश करेगी।

# दिल्ली की 3 अदालतों, 2 स्कूलों को बम की धमकी

## पटियाला हाउस कोर्ट में ब्लास्ट से जुड़े आरोपी की पेशी से पहले मेल आया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की 3 जिला अदालतों और 2 स्कूलों को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। साकेत कोर्ट, पटियाला हाउस कोर्ट और द्वारका कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने सभी अदालतों को खाली करवा लिया गया और जांच शुरू कर दी गई है।

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि धमकी भरा मेल जैश-ए-मोहम्मद नाम की मेल आईडी से भेजा गया था।



इसके बाद तीनों कोर्ट कैंपस में बम स्कवॉड जांच कर रहा है। गौरतलब है कि पटियाला हाउस कोर्ट में आज एनआईए दिल्ली लाल किला कार ब्लास्ट के एक आरोपी जसीर बिलाल वानी को पेश करने वाली है। इससे ठीक पहले सुबह 11 बजे यह मेल भेजा गया। इससे पहले सीआरपीएफ के दो स्कूलों को भी सुबह बम की धमकी मिली।

# गुजरात की जेल में आतंकी डॉ. अहमद पर कैदियों ने किया हमला, 8 नवंबर को एटीएस ने किया था गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती जेल में मंगलवार को इस्लामिक स्टेट खोरासान प्रांत से जुड़े आतंकी डॉ. अहमद के साथ कैदियों ने मारपीट की। हमले में आतंकी की आंख, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। उन्हें इलाज के लिए अहमदाबाद सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह घटना अंडरट्रायल बैरक में हुई है।




# राष्ट्रपति ने कलेक्टर टीना डाबी को दिल्ली में किया सम्मानित

## कैच द रेन में बाड़मेर को पहला पुरस्कार, 2 करोड़ रुपए मिले

बढ़ता राजस्थान

**बाड़मेर।** कैच द रेन के तहत बारिश जल संग्रहण और जन भागीदारी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को बाड़मेर जिला कलक्टर टीना डाबी को सम्मानित किया गया। कलेक्टर को फर्स्ट जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार से सम्मानित किया। टांका निर्माण के जरिए बारिश के पानी को सहेजने की अभिनव पहल के तहत फर्स्ट कैटेगरी में चयनित बाड़मेर जिले को 2 करोड़ रुपए के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

### टीना डाबी ने रिसीव किया अवार्ड

मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह के दौरान राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने बाड़मेर जिला कलक्टर टीना डाबी को प्रथम जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार प्रदान किया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्र और राज्य सरकारों, जिला प्रशासन, ग्राम पंचायतों और नगर निकायों के स्तर पर जल संरक्षण और उसके सुसंगत प्रबंधन को प्राथमिकता देने पर बल दिया।

### बाड़मेर की जनता को दिया श्रेय

उन्होंने किसानों और उद्यमियों को जल का उपभोग कम करते हुए उत्पादन को अधिकतम करने के नए तरीके अपनाने की सलाह दी। प्रभावी जल प्रबंधन केवल व्यक्तियों, परिवारों, समाज और सरकार की भागीदारी से ही संभव है। इधर, बाड़मेर जिला कलक्टर टीना डाबी ने इस सफलता का श्रेय बाड़मेर जिले की प्रशासनिक अधिकारियों एवं कार्मिकों की टीम को देते हुए बताया कि टीम वर्क के चलते यह कामयाबी मिल पाई। आगामी समय में बेहतरीन कार्य करने का प्रयास किया जाएगा। बाड़मेर जिले में बारिश के पानी को सहेजने के लिए वृहद स्तर पर टांकों का निर्माण कराया गया है। इसकी बदौलत अब तक व्यर्थ में बहने वाला बारिश के पानी को ग्रामीण पेयजल के बतौर इस्तेमाल कर रहे हैं। इस अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए जल संरचनाओं में भवनों की छतों पर वर्षा जल संचयन के साथ झीलों, तालाबों और बावड़ियों का पुनरुद्धार किया जाता है।



### कैटेगरी में 100 पुरस्कार दिए गए

**प्रथम जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) सम्मान के अंतर्गत इस वर्ष कुल 100 पुरस्कारों की घोषणा की गई। इनमें तीन शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्य, 67 जिले, छह नगर निगम एक शहरी स्थानीय निकाय, दो सहयोगी मंत्रालय, विभाग, दो उद्योग, तीन गैर सरकारी संगठन, दो परोपकारी और 14 नोडल अधिकारी शामिल हैं।**

## सम्पादकीय

# शेख हसीना को सजा, बांग्लादेश का भविष्य और अधिक संकट में

बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल की ओर से भारत में शरण लिए पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाने से ऐसी प्रतीति होना स्वाभाविक है कि किसी अंतरराष्ट्रीय संस्था ने यह फैसला सुनाया है, लेकिन यह तो अंतरराष्ट्रीय नाम वाला बांग्लादेश का अपना न्यायाधिकरण है, जिसके जज से लेकर वकील तक मोहम्मद युनूस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की ओर से तय किए गए। इस ट्रिब्यूनल की वैधानिकता और विश्वसनीयता उतनी ही संदिग्ध है, जितनी अंतरिम सरकार की। शेख हसीना को सजा सुनाने वाले ट्रिब्यूनल के फैसले पर सवाल इसलिए भी उठ रहे हैं, क्योंकि उसने छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा के समय पुलिस प्रमुख रहे चौधरी अब्दुल्ला को केवल पांच वर्ष की सजा सुनाई। इससे इन्कार नहीं कि शेख हसीना सरकार के समय जो आरक्षण विरोधी आंदोलन भडक़ा, उसमें अनेक लोग मारे गए थे, लेकिन तथ्य यह भी है कि यह आंदोलन भी हिंसक था और उसका उद्देश्य तख्ता पलट था। इस आंदोलन के निशाने पर अवामी लीग के समर्थकों के साथ पुलिस कर्मी भी थे। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि इस आंदोलन के दौरान जिन पर हिंसा भडक़ाने के आरोप लगे, उनमें से कई अंतरिम सरकार में शामिल हो गए। निःसंदेह सत्ता में रहते समय शेख हसीना ने पुलिस को हिंसक छात्र आंदोलन से निपटने के आदेश दिए होंगे, लेकिन इस निष्कर्ष पर पहुंचना विचित्र है कि उनके कहने पर छात्रों की हत्या की गई। तथाकथित इंटरनेशनल ट्रिब्यूनल की ओर से शेख हसीना के खिलाफ ऐसे ही किसी कठोर फैसले की भरी-पूरी आशंका थी, क्योंकि वहां की अंतरिम सरकार को वे फूटी आंख नहीं सुहा रही थीं। इसका पता इससे चलता है कि उनकी पार्टी अवामी लीग को प्रतिबंधित कर उसे चुनाव में भाग लेने से पहले ही रोका जा चुका है। इसके अलावा हिंसक आंदोलन की भेंट चढ़े लोगों की मौतों का संज्ञान नहीं लिया गया। शेख हसीना को मौत की सजा सुनाए जाने के बाद यह और स्पष्ट है कि बांग्लादेश में होने जा रहे चुनावों के समय उनके समर्थकों का दमन होगा। इन चुनावों में कट्टरपंथी संगठनों को जिस तरह भाग लेने की अनुमित दे दी गई है, उससे बांग्लादेश का भविष्य और अधिक संकट में दिख रहा है। चुनाव बाद कट्टरपंथी तत्व वहां की सत्ता में काबिज हो सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो भारत की समस्या और बढ़ जाएगी। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने जिस तरह भारत से मांग की कि वह शेख हसीना को उन्हें सौंपे,



उससे भी दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ सकता है, क्योंकि यह तय है कि भारत ऐसा नहीं करने वाला। इसलिए और भी, क्योंकि ट्रिब्यूनल को कंगारू कोर्ट बता रहीं शेख हसीना उसके फैसले को चुनौती दे सकती हैं।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 19 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1824 - रुस के सेंट पीटर्सबर्ग शहर में बाढ़ से दस हजार लोगों की मौत।
- 1895 - फ्रेडरिक ई ब्लेसडेल ने पेंसिल का पेंटेट कराया।
- 1933 - यूरोपीय देश स्पेन में महिलाओं को मताधिकार का अधिकार मिला।
- 1951 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1952 - स्पेन यूनेस्को का सदस्य बना।
- 1982 - नौवें एशियाई खेल दिल्ली में शुरु।
- 1986 - पर्यावरण संरक्षण अधिनियम लागू हुआ।
- 1977 - मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात की ऐतिहासिक इजरायल यात्रा।
- 1994 - भारत की ऐश्वर्या राय मिस वर्ल्ड चुनी गईं।
- 1995 - कर्णम मल्लेश्वरी ने भारोत्तोलन में विश्व कीर्तिमान बनाया।
- 1997 - कल्पना चावला अंतरिक्ष जाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।
- 1998 - भारत समेत विश्व के कई देशों में लाखों लोग आकाश को देखते हुए निराश हुए, केवल जापान एवं थाईलैंड से निवासी ही दिवाली (उल्का पिंडों का पृथ्वी के वातावरण से टकराकर जलने का नज़ारा) मना सके, कैंब्रिज स्थित इंटरनेशनल बायोग्राफिक़ल सेंटर ने भरनाट्यम की प्रख्यात नृत्यांगना कोमला वर्धन को वर्ष 1998 का 'वूमेन आफ़ दी इयर' पुरस्कार के लिए चुना।
- 2000 - पाकिस्तान की एक अदालत द्वारा पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की माँ नुसरल भुट्टो को 2 वर्ष के कठिन कारावास की सज़ा।
- 2002 - आस्कर पुरस्कार से सम्मानित अभिनेता जेक्स कोबर्न का लास एंजिल्स में निधन।
- 2005 - पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ़ ने भारत को भूकम्प पीड़ितों के हित में कश्मीर समस्या सुलझाने का सुझाव दिया।
- 2006 - भारत ने परमाणु ऊर्जा और यूरेनियम सप्लाई के लिए आस्ट्रेलिया का समर्थन मांगा।

## विशेष आलेख

# इन्दिरा गांधीः वह शक्ति, जिसे जन्म ने नहीं संघर्ष ने गढ़ा



प्रो. आरके जैन

**1942 में फिरोज गांधी से शादी की, शादी के नौ दिन बाद दोनों गिरफ्तार होकर जेल चले गए। फिर बाहर आकर फिर जेल गए। हर बार दरवाज़ा खुलता तो वह पहले से ज़्यादा मजबूत निकलतीं - जैसे लोहा आग में तपकर सोना बन जाता है। आज़ादी के बाद जब पंडित नेहरू प्रधानमंत्री बने, तब भी इन्दिरा ने कभी अपनी छाया नहीं डाली।**

जब नवंबर की ठंडी हवाएँ उत्तर भारत के मैदानों में उतरती हैं, तब इलाहाबाद का पुराना आनंद भवन कुछ और ही रंग में रंग जाता है। उन्नीस नवंबर की सुबह सन् 1917 में, जब ब्रिटिश साम्राज्य अपने चरम पर था और स्वराज का सपना अभी कोरे कागज़ पर लिखी दूर की कौड़ी मात्र था, उस घर में एक बच्ची ने पहली सांस ली। नाम रखा गया इन्दिरा प्रियदर्शिनी। पर इतिहास ने उसे दूसरा नाम दिया - भारत की लौह महिला। पिता जवाहरलाल उस दिन लंदन में थे, माँ कमला बेहद कमज़ोर। लेकिन जिस क्षण वह रोई, घर के बुजुर्गों को लगा मानो कोई पुराना वचन पूरा हुआ हो - नेहरू वंश में अब एक ऐसी आएगी जो आग और फूल, दोनों को एक साथ रख सकेगी। उस घर में जन्म लेना ही अपने आप में सजा और वरदान दोनों था। जहाँ नाश्ते की मेज पर चर्चा होती थी लेनिन की क्रांति की, गाँधी के सत्याग्रह की, और नेहरू के विश्व-बंधुत्व की, वहाँ एक बच्ची ने आँखें खोलीं जो आगे चलकर इन तीनों विचारों को एक साथ पिरोकर नया भारत गढ़ेंगी। 12-13 साल की उम्र में उसने बच्चों की वानर सेना (मंकी ब्रिगेड) बनाई - कुछ दर्जन बच्चे, जो खादी पहनते, विदेशी कपड़ा जलाते, और गाँव-गाँव में चरखा पहुँचाते। ब्रिटिश इंटेलिजेंस की फाइलों में उस छोटी-सी बच्ची का नाम दर्ज हो गया - खतरनाक बाल-क्रांतिकारी। शांतिनिकेतन में टैगोर ने उसे देखकर कहा था, बेटी, तुम्हारी आँखों में आग है, इसे समंदर बना लो। उसने समंदर बना लिया। पर जब ज़रूरत पड़ी, तो उसी समंदर को लहरों में बदलकर दुश्मनों को डुबो भी दिया। 1942 में फिरोज गांधी से शादी की, शादी के नौ दिन बाद दोनों गिरफ्तार होकर जेल चले गए। फिर बाहर आकर फिर जेल गए। हर बार दरवाज़ा खुलता तो वह पहले से ज़्यादा मजबूत निकलतीं - जैसे लोहा आग में तपकर सोना बन जाता है। आज़ादी के बाद जब पंडित नेहरू प्रधानमंत्री बने, तब भी इन्दिरा ने कभी अपनी छाया नहीं डाली। वह पर्दे के पीछे रहकर देश की पहली अनौपचारिक राजदूत बनीं। विदेशी मेहमान आते तो वह चाय परोसतीं, साथ ही अनौपचारिक बातचीत में भारत की स्थिति इतनी साफ-साफ रखतीं कि बड़े-बड़े दूतावास हैरान रह जाते। 1964 में लाल बहादुर शास्त्री ने उन्हें सूचना एवं प्रसारण मंत्री बनाया। तब तक देश उन्हें 'गूंगी गुडिया' कहने लगा था। पर 1966 में जब शास्त्रीजी का निधन हुआ और कांग्रेस के बुजुर्ग 'सामूहिक नेतृत्व' की बात करने लगे। वे सोच रहे थे कि नेहरू की बेटी को गूंगी गुडिया बनाकर कुर्सी पर बिठा देंगे, वह नाचती रहेगी और हम नचाते रहेंगे। तब वही गूंगी गुडिया एक झटके में देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बन गई। उसी गुडिया ने दो साल के अंदर बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया, राजा-महाराजाओं की प्रिवी पर्स छीन ली, और 1971 में जब दुनिया ने कहा मत लड़ो, तो उसने कहा, अब बहुत हो चुका। तेरह दिन। सिर्फ तेरह दिन। ढाका में नब्बे हज़ार पाकिस्तानी सैनिकों ने हथियार डाल दिए। अमेरिका का सातवाँ बेड़ा बंगाल की खाड़ी में खड़ा था, पर हिल नहीं सका। रूस ने वीटो डालकर बचाया, फ्रांस ने हथियार दिए, और एक अकेली औरत ने साबित कर दिया कि जब माँ जगती है, तो दुनिया की कोई ताकत उसके बच्चे को छू नहीं सकती। उस युद्ध के बाद दुनिया के नक्शे पर एक नया देश जन्मा - बांग्लादेश। और दुनिया के मानचित्र पर भारत का कद हमेशा के लिए बदल गया। सत्ता ने उसे अकेला कर दिया। दोस्त कम हुए, दुश्मन बढ़े। रातें लंबी होती गईं। 1975 में इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला आया, विपक्ष सडक़ों पर उतरा, और उस अकेली औरत ने आपातकाल लगा दिया। वह सबसे काला अध्याय था। पर उस अध्याय को लिखने वाली कलम भी उसी की थी, और उसे मिटाने का साहस भी उसी ने दिखाया। 1977 में जब हारीं, तो हार स्वीकार की। जेल गईं, फिर 1980 में जब जनता ने फिर बुलाया, तो सिर झुकाकर लौटीं और कहा, मैंने गलती की, पर देश को टूटने नहीं दूँगी। पंजाब जल रहा था। अलगाववाद सिर उठा रहा था। उसने साफ कहा, मेरा सिख भाई मेरे खून की आखिरी बूंद तक मेरा है, पर जो मेरे भारत को तोडऩा चाहे, वह मेरा दुश्मन है। उस आखिरी सुबह, 31 अक्टूबर 1984 को, जब वह अपने निवास से ऑफिस की ओर जा रही थीं, तब भी उनकी चाल में वही पुरानी दृढ़ता थी। गोली चलने की आवाज़ हुई और वह धरती पर गिर पड़ीं। पर अजीब बात यह है कि उस पल भी उनके चेहरे पर कोई डर नहीं था - जैसे उन्हें पता था कि मृत्यु भी उन्हें रोक नहीं सकती। वह मरकर भी अमर हो गईं। आज जब हम नवंबर की उन्नीस तारीख को उनकी जयंती मनाते हैं, तो दरअसल हम एक औरत की नहीं, एक युग की याद मनाते हैं - वह युग जब भारत ने सीखा कि औरत कमज़ोर नहीं, सृजन और संहार दोनों की देवी हो सकती है। वह युग जब दुनिया ने देखा कि साहस का कोई लिंग नहीं होता। वह युग जब एक औरत ने साबित किया कि ममता और मारकाट, करुणा और क्रूरता, दोनों एक ही हृदय में रह सकते हैं।वह चली गईं, पर उनकी छाया आज भी दिल्ली की गलियों में घूमती है। हर बार जब देश संकट में होता है, लोग अनायास पूछ बैठते हैं इन्दिरा होतीं तो क्या करतीं? वह सवाल ही उनकी अमरता का प्रमाण है। क्योंकि जिसे मरने के इकतालीस साल बाद भी लोग डरते हैं, पूछते हैं, याद करते हैं, और सम्मान देते हैं - वह कभी मरता ही नहीं।इन्दिरा गाँधी नहीं रहीं। इन्दिरा गाँधी भारत बन गई हैं। और जब तक यह भारत रहेगा, इन्दिरा रहेगी। वह पैदा हुई थीं एक ऐसे घर में जहाँ दीवारों पर आज़ादी की धूल जमी थी। और चली गईं एक ऐसे देश को छोडक़र जो आज दुनिया की पाँचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है।

# देश को जनसंख्या लाभांश के फायदे या संसाधनों पर दबाव



संजीव ठाकुर

*जनसंख्या की यह जटिल स्थिति भारत के लिए दोधारी तलवार के समान हैद्य एक ओर वह अपार युवा ऊर्जा, श्रमशक्ति और आर्थिक संभावनाएँ प्रदान करती है, तो दूसरी ओर वह संसाधनों, शिक्षा, रोजगार और पर्यावरण पर असंतुलित दबाव उत्पन्न कर देती है।*

भारत आज मात्र एक विशाल जनसंख्या वाला देश नहीं बल्कि वह सभ्यता है जिसकी जनसंख्या देश की आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय दिशा को तय करने वाली निर्णायक शक्ति बन चुकी है। वर्ष 2023 के बाद से भारत विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है और यह संख्या अब लगभग 1.45 अरब के आसपास पहुँच रही है। परंतु यह तथ्य जितना गौरवपूर्ण प्रतीत होता है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी है, क्योंकि बढ़ती आबादी देश के विकास की धुरी भी है और विकास का बोझ भी। जनसंख्या की यह जटिल स्थिति भारत के लिए दोधारी तलवार के समान हैद्य एक ओर वह अपार युवा ऊर्जा, श्रमशक्ति और आर्थिक संभावनाएँ प्रदान करती है, तो दूसरी ओर वह संसाधनों, शिक्षा, रोजगार और पर्यावरण पर असंतुलित दबाव उत्पन्न कर देती है। यही कारण है कि भारत की जनसंख्या पर किसी भी प्रकार का विमर्श केवल आंकड़ों की चर्चा भर नहीं होता, बल्कि यह राष्ट्रीय विकास, सामाजिक स्थिरता और मानव गुणवत्ता का प्रश्न बन जाता है। भारत की वर्तमान जनसंख्या संरचना में लगभग 67 से 68 प्रतिशत लोग कार्यशील आयु-वर्ग में आते हैं, जो विश्व में सबसे बड़ा युवा समूह है। यह स्थिति भारत को जनसंख्या लाभांश प्रदान करती है जो हर राष्ट्र को अपनी आर्थिक तेज़ी बढ़ाने का एक ही अवसर देता है। यदि यह युवा समूह शिक्षित, प्रशिक्षित और उत्पादक बन सके तो वह देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने में निर्णायक योगदान दे सकता है। किंतु समस्या यह है कि देश में हर वर्ष लाखों युवा रोजगार की तलाश में निकलते हैं, जबकि गुणवत्तापूर्ण नौकरियों का निर्माण उतनी गति से नहीं हो रहा। बेरोजग़ारी दर युवा वर्ग में अभी भी चिंताजनक है और असंगठित क्षेत्रों का व्यापक विस्तार युवाओं को स्थिर रोजगार से दूर कर देता है। यदि रोजगार-सृजन की गति, कौशल विकास और शिक्षा सुधार के साथ तालमेल नहीं बैठ पाया तो वही युवा शक्ति जो अवसर थी, भविष्य में सामाजिक तनाव, आर्थिक दबाव और असंतोष का स्रोत बन सकती है। बढ़ती जनसंख्या का दूसरा बड़ा प्रभाव प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ रहा है। भारत में जल संकट, भूमि क्षरण, वनों की कटाई, प्रदूषण और ऊर्जा की बढ़ती मांग ये सभी समस्याएँ जनसंख्या के असंतुलित विस्तार से और भी गंभीर हुई हैं। महानगरों में लगातार बढ़ते पलायन ने झुग्गियों का विस्तार, प्रदूषण, ट्रैफिक जाम, जीवन-स्तर में गिरावट और शहरी असमानताओं को बढ़ाया है। देश के जल-स्तर में गिरावट और भू-जल के अत्यधिक दोहन ने कई राज्यों में जल-संकट को स्थायी रूप दे दिया है। ऐसे में बिना सतत संसाधन-प्रबंधन के जनसंख्या वृद्धि विकास की गति को रेंगने पर मजबूर कर देगी। भारत के विकास की तीसरी प्रमुख चुनौती स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता है। आज भी मातृ मृत्यु दर लगभग 97 प्रति एक लाख जीवित जन्म और शिशु मृत्यु दर 27 प्रति हज़ार के आसपास है, जो यह संकेत देते हैं कि स्वास्थ्य ढांचा अभी भी मजबूत और सर्वसुलभ नहीं बन पाया है। यदि इतनी बड़ी जनसंख्या को स्वस्थ, सक्षम और उत्पादक बनाना है तो स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच, गुणवत्ता और पोषण व्यवस्था को बेहतर बनाना अनिवार्य है।

## लघु कथा | बढ़ता राजस्थान

### सांप



तड़ातड़ तीन लाठियाँ पड़ीं, सांप तडफ़कर वहीं ढेर हो गया। एक बोला मैंने ऐसे जमा कर लाठी मारी थी कि टिकते ही सांप के प्राण निकल गए। तुम्हारी लाठी ठीक जगह नहीं लगी थी। सांप मरा तो मेरी लाठी से था। दूसरा बोला। तुम दोनों झूठ बोल रहे हो। तीसरे ने कहा यदि मेरी लाठी न टिकती, तो सांप मरता ही नहीं। तुम्हारी लाठियां खाकर तो सांप उलटा काटने लपका था। झूठ! एक साथ पहले दोनों के मुख से निकला। फिर एक बोला सांप को मारा हमने और श्रेय तुम लेना चाहते हो! यह बिल्कुल नहीं होगा। दूसरा बोला। तीसरा बोला न होगा, तो न सही। सांप तो मैंने ही मारा है। बात बढ़ी, बात बिगड़ी। थोड़ी देर पहले जो लाठियां सांप पर चली थीं, वे अब एक-दूसरे पर चल रही थीं। एक का सिर फूटा, दूसरे की बाजू टूटी, तीसरे को भी गंभीर चोटें आईं। तीनों पड़े तडफ़ रहे थे।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# बच्चों में तेजी से बढ़ रहा है टेक्स्ट नेक सिंड्रोम का खतरा, जानें इसके लक्षण और बचाव के उपाय



आज के डिजिटल समय में बच्चे अपना ज्यादातर समय मोबाइल और लैपटॉप स्क्रीन के सामने बिताते हैं। कोविड के बाद से, पढ़ाई के लिए भी बच्चे घंटों मोबाइल और लैपटॉप के सामने बैठे रहते हैं। कई बार बच्चे घंटों तक मोबाइल पर वीडियो देखते रहते हैं, गेम खेलते रहते हैं या सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते रहते हैं। यह आदत बच्चों की सेहत के लिए बेहद खतरनाक भी साबित हो सकती है। अक्सर हम बच्चों को मोबाइल के इस्तेमाल से आंखें कमजोर होने या वजन बढऩे की समस्या के बारे में तो बताते हैं, लेकिन एक साइलेंट हेल्थ इश्यू है, जिसे हम नजरअंदाज कर देते हैं। जी हां, टेक्स्ट नेक सिंड्रोम एक ऐसी समस्या है, जो स्क्रीन के सामने ज्यादा समय बिताने के कारण बच्चों में बढ़ रही है। यह ऐसी स्थिति है जो धीरे-धीरे गर्दन, कंधे और रीढ़ की हड्डी पर गहरा असर डालती है। खास बात ये है कि यह बीमारी पहले सिर्फ युवाओं में देखने को मिलती थी, लेकिन अब 10-15 साल के बच्चों में भी तेजी से बढ़ रही है।

**क्या है टेक्स्ट नेक सिंड्रोम? :** टेक्स्ट नेक सिंड्रोम वह स्थिति है, जब बच्चा लगातार मोबाइल या टैब देखते हुए अपना सिर आगे की ओर झुका लेता है। इसके कारण रीढ़ की हड्डी पर अतिरिक्त दबाव डालता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज आपकी माताजी किसी बात को लेकर नाराज रहेंगी, क्योंकि आपका जो मन में आएगा, वह करेंगे, जिससे उन्हें कोई ठेस पहुंच सकती हैं। आपको किसी दूसरे की मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहेगा। आज आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, लेकिन आपने किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं।

**मिथुन**

आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी और आप अपने भाई-बहनों के साथ किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी और बिजनेस भी पहले से बेहतर चलेगा, जो आपको खुशी देगा, लेकिन आपके पिताजी की सेहत में गिरावट आने की संभावना है और किसी दूर रह रहे।

**सिंह**

आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आपको प्रॉपर्टी में अच्छे लाभ मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आपको अपनी किसी गलती को लेकर भागदौड़ बनी रहेगी। आप अपने कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे, जो आपकी समस्या का कारण बनेंगे।

**तुला**

आज आपको आय और व्यय में भी संतुलन बनाकर चलना होगा। आपको अपने किसी सहयोगी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा और अपने कामों को लेकर आपको थोड़ा स्ट्रिक्टनेस दिखानी होगी, तभी वह समय से पूरे हो सकेंगे।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी होगी और आपको परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा को भी मिल बैठकर दूर करना होगा।

**धनु**

आजकल दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने पिताजी की भावनाओं का सम्मान करना होगा। यदि आपको काम को लेकर कोई सुझाव दे, तो आप उस पर अमल अवश्य करें।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यो में बढ़ चढक़र हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आपको अपने आसपास में किसी लड़ाई-झगड़े में पडऩे से बचना होगा।

**कुंभ**

आज आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपको अपने भाई-बहनों का पूरा सपोर्ट मिलेगा और आपको कोई साइड इनकम भी मिलने की संभावना है।

**मीन**

आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आप किसी अजनबी पर भरोसा न करें। आज जीवनसाथी और आपके बीच कोई कहासुनी बढ़ेगी इसलिए थोड़ा संयम बनाए रखें। नौकरी में यदि आपको कई काम मिले।

# टीएलएम द्वारा सामग्री की वितरित



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठी नातमाम टोंक में पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को टीएलएम सामग्री के तहत बैग एवं अन्य सामग्री वितरित की गई एवं पीएम श्री की अन्य गतिविधियों का आयोजन करवाया गया, जिसमें रेहाना बी द्वारा आपणी लाडो एवं शिमला शर्मा द्वारा बाल समारोह तथा श्रीमती ममता जाट द्वारा मेंटल गतिविधि एवं रोहित शर्मा द्वारा सामुदायिक जागरूकता एवं 21 वी सदी के कौशल के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया एवं व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत गेस्ट लेक्चरर का आयोजन शशिकला साहू द्वारा अंजली साहू से करवाया गया । प्रधानाचार्य रामदयाल जांगिड़ एवं पीएमी प्रभारी रोहित शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर बेनी प्रसाद सोनी, श्योजीराम बैरवा, हरिराम बड़ीवाल, शिवराज बैरवा, सियाराम मीना, माधुरी शर्मा, कविता मीना, नाजया खान एवं अस्मा खान ने उपस्थित रहकर गतिविधियों में सहयोग किया। रुमाल झप्पटा एवं दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत गेस्ट लेक्चरर का आयोजन शशिकला साहू द्वारा अंजली साहू से करवाया गया । कार्यक्रम के अंत मे एसडीएमसी के साथ विद्यालय स्टाफ ने विद्यर्थियों को बैग एवं अन्य सामग्री वितरित की।

# स्कूल सेफ्टी कार्यक्रम में एनडीआरएफ ने सिखाए आपदा प्रबंधन के गुर



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मान टाउन, सवाई माधोपुर में मंगलवार को एनडीआरएफ की ई/06 बटालियन ने स्कूल सेफ्टी कार्यक्रम आयोजित कर छात्राओं को आपदा प्रबंधन के प्रैक्टिकल उपयोगी गुर सिखाए। यह कार्यक्रम कमांडेंट सुरेन्द्र सिंह के आदेशानुसार, सहायक कमांडेंट प्रवीण कुमार के पर्यवेक्षण तथा टीम कमांडर/निरीक्षक अरुण शर्मा एवं कैलाश चंद बाना के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

आग के प्रकार, प्राथमिक उपचार, सीपीआर, स्नेक बाइट और आपदा के समय अपनाए जाने वाले त्वरित बचाव उपायों की विस्तृत जानकारी भी दी गई। एनडीआरएफ टीम ने अपने साथ लाए उपकरणों का उपयोग करते हुए विभिन्न बचाव तकनीकों का लाइव प्रदर्शन किया, जिससे छात्राओं को वास्तविक परिस्थितियों में तत्काल प्रतिक्रिया देने की समझ विकसित हुई। विद्यालय परिवार ने डेमो क्लासेस के दौरान टीम से प्रश्नोत्तर किए, जिनका एनडीआरएफ कार्मिकों ने सरल और व्यवहारिक उदाहरणों के साथ समाधान किया।विद्यालय की प्राचार्य कल्पना तथा समस्त स्टाफ ने एनडीआरएफ टीम निरीक्षक अरुण शर्मा और कैलाश चंद बाना का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास और आपदा से निपटने की क्षमता बढ़ेगी।

# समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर उपखण्ड अधिकारी टोंक को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। किसान संघ के जिला प्रचार प्रमुख आशाराम चौधरी ने बताया कि ज्ञापन में किसानों को आवश्यकतानुसार यूरिया खाद की सप्लाई, समर्थन मूल्य खरीद के लिए पोर्टल खुलवाने व तुलाई शुरू करवाने, नहरों की मरम्मत व सफाई करवाने, नहरों का पानी छोडने वाली समिति में किसान प्रतिनिधित्व की मांग, लाम्बा पंचायत क्षेत्र बांध के डूब में आने वाली जमीनों के मुआवजे एवं जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक के आयोजन की मांग की गई। ज्ञापन देने वाले लोगों में किसान संघ के जयपुर संभाग अध्यक्ष पोखर लाल जाट, प्रांतीय प्रतिनिधि रामस्वरूप जाट, अध्यक्ष रमेश चंद जाट, जिला मन्त्री विनय सिंह ताखर, रत्तिराम सैनी छान, मूल सिंह, कन्हैया लाल दाखिया, प्रभुलाल मीणा, हेमराज मीणा रानीपुरा, सूरजकरण लावा, बाबूलाल नेहरा पीपलू, बद्री लाल जाट, रामराज सैनी छान, रामजीवन चौधरी पीपलू एवं शिवजीराम मीणा उनियारा आदि मौजूद थे।

# बजरी से भरा एक ट्रेलर व ओवर लोड पत्थरों से भरा ट्रक जब्त

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** सदर थाना पुलिस ने अवैध बजरी, पत्थर खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर अवैध बजरी से भरे एक ट्रेलर व ओवर लोड पत्थरों से भरे हुए एक ट्रक को जब्त किया है व ट्रेलर के चालक को गिरफ्तार किया है।

सदर थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीणा के निर्देशानुसार क्षेत्र में अवैध बजरी, पत्थर खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्रसिंह भाटी व पुलिस उपाधीक्षक नरेन्द्र कुमार पारीक के सुपरविजन में पुलिस ने गुंसी चौकी पर नाकाबंदी के दौरान अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रेलर व ओवर लोड पत्थरों से भरे हुए एक ट्रक को जब्त करके थाना परिसर में खड़ा करवा दिया है। पुलिस ने ट्रेलर चालक अनिल पुत्र हुकमचन्द कीर निवासी थली थाना घाड टोंक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ट्रेलर चालक व मालिक के विरूद्ध एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर किया है।

## शहर में जगह-जगह किया स्वागत सत्कार

# 26 जैन साधुओं का निवाई में गाजे-बाजे के साथ मंगल प्रवेश

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में राष्ट्रीय संत आचार्य वर्धमान सागर महाराज संघ के 26 जैन साधुओं का निवाई शहर में गाजे बाजे के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ। जिसको लेकर पाश्र्वनाथ उद्यान को भव्य सजाया गया। मंगल प्रवेश के जुलूस का श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर अगुवानी की। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि आचार्य वर्धमान सागर महाराज संघ के 26 पिच्छीधारी त्यागी तपस्वी दिगम्बर जैन सन्तों का निवाई में शीतकालीन प्रवास के लिए मंगल पदार्पण हुआ।

प्रवक्ता सुनील भाणजा ने बताया कि आचार्य संघ का चातुर्मास के पश्चात टोंक से मंगल विहार करते हुए मंगलवार को निवाई पहुंचें। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सुबह कल्याण कालेज में जैन समाज द्वारा श्रीफल भेंट कर निवाई नगर के लिए आमंत्रित किया। जहां सभी श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे से नाचते गाते हुए पद विहार के साथ शहर में मंगल प्रवेश करवाया। उन्होंने बताया कि आचार्य संघ शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए संत निवास नसियां जैन मंदिर पहुंचे जहां भगवान शांतिनाथ के दर्शन करते हुए जैन मुनि प्रभव सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। राजेश पंचोलिया ने बताया कि धर्म सभा से पूर्व महिला मण्डल की विनिता बगड़ी के नेतृत्व में प्रियंका पराणा, नीलम चंवरिया, नेहा बगड़ी एवं पूजा चैनपुरा ने मंगलाचरण किया। पण्डित सुरेश कुमार शास्त्री ने जिनवाणी की स्तुति की।


इस अवसर पर जितेन्द्र चंवरिया, मनोज पाटनी, राजेश चौधरी, अमित कटारिया, प्रदीप पारीक, पवन बोहरा, नितिन छाबड़ा, मोहित चंवरिया, गोपाल कठमाणा, विष्णु बोहरा, पवन सांवलिया, सुशील गिन्दौडी, पवन बड़ागांव, महेन्द्र चंवरिया, हुकमचंद जैन, अशोक बिलाला, दिलीप बगड़ी, विमल गिन्दौडी, आशीष जैन, रोनक बोहरा, दिलीप भाणजा, हेमन्त चंवरिया व पिंकू सोगानी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# आरटीआई में खुलासा, चारागाह की सरकारी भूमि पर दबंगों ने पक्के मकान बना लगा रखे हैं कारखाने और आरा मशीन

## सरकारी अधिकारियों और भूमाफियाओं की मिलीभगत का पर्दा फाश किसकी शह पर बने पक्के मकान और कारखाने

बढ़ता राजस्थान





**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** जिले की अलीगढ तहसील के ग्राम उखलाना में तथ्यों सहित एक सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुऐ हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने बताया कि उक्त ग्राम के दशहरा मैदान, रामतलाई के पास चौथ माता रोड पर खाता संख्या 594 खसरा नम्बर 135 की रकबा 1.29 हैक्टेयर सरकारी चारागाह की भूमि पर अलीगढ के ही कुछ दबंग भूमाफियाओं ने संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध अतिक्रमण कर कब्जा किया हुआ है वहां उन्होंने ना सिर्फ पक्के मकानों का निर्माण कर लिया है बल्कि अवैध रूप से कारखाने और आरा मशीन तक लगाई हुई है, आरटीआई से पूरे मामले का खुलासा करते हुऐ राजा भईया ने इस बाबत जमाबंदी एवं हल्का पटवारी उखलाना की मौका रिपोर्ट तथा नक्शा मौका की सत्यप्रियां प्राप्त कर, अवैध कब्जों के फोटो सहित एसडीएम उप खण्ड उनियारा, तहसीलदार अलीगढ एवं थाना प्रभारी अलीगढ को आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने तथा तत्काल उक्त सरकारी चारागाह की भूमि से अवैध अतिक्रमण, कब्जा हटवाने के लिए लिखित शिकायतें दर्ज कराई है।

एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने मंगलवार को पत्रकारों को सभी दस्तावेज उपलब्ध कराते हुए बताया कि इतने बड़े स्तर पर सरकारी चारागाह की भूमि पर अवैध कब्जा करना बिना संबंधित सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत के संभव ही नहीं है उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द कार्यवाही ना की गई तो वह उक्त भूमाफियाओं के साथ साथ संबंधित सरकारी अधिकारियों के विरुद्ध भी सक्षम एवं संबंधित न्यायालय में मुकदमे भी दर्ज कराएंगे। इस सनसनी खेज खुलासे से पूरे जिले में खलबली मच गई है और भूमाफियाओं के साथ साथ सभी संबंधित अधिकारियों की भी नींदें उड़ गई है , अब देखना यह है कि राजा भईया की यह मुहिम कब तक और क्या रंग लाती है।

# बच्चों ने दी सामूहिक बांसुरी वादन की प्रस्तुति



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** लूट लर्निंग स्कूल के प्रथम बैच के शिक्षार्थियों कृनिया राहा रजक, अशनीत, तेजस, गर्वित, सुहानी, राजवंती एवं सोनू ने बाल दिवस के अवसर पर एक्सपेरिमेंटल स्टूडियो में ''मैथमैटिकल विंड'' शीर्षक से सामूहिक बाँसुरी वादन की प्रभावशाली प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने अपनी संगीत यात्रा के अनुभव भी दर्शकों के साथ साझा किए।फ्लूट लर्निंग स्कूल प्रतिमाह सार्वजनिक प्रस्तुतियों का आयोजन करता है, जिसके माध्यम से विद्यार्थी अपने सीखने की प्रक्रिया तथा संगीत अभिव्यक्ति को समुदाय के साथ साझा करते हैं। कम्युनिटी थिएटर टोंक सोसायटी के मोहित वैष्णव ने बताया कि लूट लर्निंग स्कूल की स्थापना 10 अक्टूबर को टोंक में अवधेश कुमार पटेल द्वारा राजकुमार रजक के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में की गई। यह संस्थान बच्चों में संगीत की समझ के साथ-साथ गणितीय कल्पनाशीलता, मानवीय संवेदनशीलता एवं सौंदर्यबोध विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उल्लिखित कला-शिक्षा दक्षताओं को आधार बनाकर ''हारमोनी होराइजन'' कार्यक्रम विकसित किया गया है, जिसका पाठ्यक्रम तीन चरणों में विभाजित है। रिदम रूट (प्रारम्भिक स्तर) संगीत के मूल तत्त्वों से परिचय, समूह में सामंजस्य तथा गणितीय सोच का विकास, मेलोडी इन मोशन (माध्यमिक स्तर) विभिन्न रागों तथा तालों का अध्ययन। मास्टरी ऑफ हारमोनी उच्च स्तर स्वतंत्र संगीत रचना तथाऔर प्रस्तुति की तैयारी।

लूट लर्निंग स्कूल का उद्देश्य बच्चों में स्वयं एवं समाज के प्रति संवेदनशील संबंध विकसित करना है। 21वीं सदी की विशेष कौशल आवश्यकताओं के अनुरूप यह स्कूल सुनने, महसूस करने, रचनात्मकता, भावनात्मक जागरूकता तथा सामूहिक नेतृत्व जैसी क्षमताओं को सशक्त बनाता है। आज की शिक्षा में संगीत केवल मनोरंजन या प्रस्तुति का माध्यम नहीं, बल्कि तार्किक सोच, संज्ञानात्मक क्षमता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता एवं सामाजिक संवेदनशीलता को विकसित करने का प्रभावी उपकरण बन चुका है।

# कार्यशाला में छात्राओं को अधिकारों व कानून की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में मैरिंग्टन सोनी के निर्देशानुसार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में महिला अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं का आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें कक्षा 6 से 12 वीं तक की 350 बालिकाओं को विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। पन्नाध्याय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र से अरुणा शर्मा ने निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया। मंजू चौधरी ने मुख्यमंत्री लाडो प्रोत्साहन योजना, आशा शास्त्री ने शिक्षा सेतु योजना एवं सामूहिक विवाह अनुदान योजना की जानकारी दी। महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र से विधिक काउंसलर नीतू सिंह विजय ने महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के बारे में बताते हुए लैंगिक उत्पीडन अधिनियम 2013 की विस्तार से जानकारी दी।

सुपरवाइजर मीरा चौधरी ने घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के बारे में बताया। डीएचईडब्लू से जेंडर स्पेशलिस्ट भावना सक्सेना ने सखी वन स्टॉप सेंटर की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में अध्यापक दिलखुश मीणा, आनंद शुक्ला, अध्यापिका सोनू वर्मा, पूजा सैनी व ललिता यादव सहित कई शिक्षिकाएं मौजूद थी।

# चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बच्चों को किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान



**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** चाइल्ड हेल्पलाइन टोंक द्वारा शहीद रतन लाल जाट राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी निवाई टोंक में बाल संरक्षण के मुद्दों पर जानकारी दी गई। इस दौरान परियोजना अधिकारी चाइल्ड हेल्प लाइन टोंक कमलेश सैनी व नवल खान सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई बाल अधिकारिता विभाग टोंक के मार्गदर्शन में चाइल्ड हेल्प लाइन टीम से सुपरवाइजर राहुल गजरा ने बताया कि चाइल्ड हेल्प लाइन किस प्रकार से काम करती है, यह आपातकालीन फोन सेवा 1098 के बारे में जानकारी देते हुए बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल श्रम, भीख मांगने वाले बच्चे व बालकों के अधिकारों के बारे में बच्चों को बताया गया । इस दौरान कैश वर्कर महेंद्र बैरवा ने बच्चों को बाल यौन शोषण के बारे में जानकारी देते हुए पॉक्सो कानून के बारे में बताया । इसी दौरान देवेन्द्र जांगिड़ ने बताया कि सिकोईडिक्रोन संस्था के सहयोग से पहाड़ी ग्राम पंचायत में विशेष ई-मित्र सामाजिक कल्याण योजना शिविर का आयोजन किया गया । ताकि सभी लोग सरकारी योजना से जुड़ सके, जिसमें मानव तस्करी विरोधी यूनिट से एसआई कन्हैया लाल, हैड कांनि. रिंकु शर्मा, कांनि. धर्म देव ने बाल संरक्षण के मुद्दों पर जानकारी देते हुए बंधुआ मजदूरी वाले बच्चों के बारे में विस्तार से बताते हुए 1098 पर फोन करने लिए लोगों को प्रेरित किया। इसी दौरान टीम से विमल कुमार, राजेंद्र, किरण, ममता, बुधराम स्कूल से प्रधानाचार्य कांता प्रसाद बारेठ, प्रहलाद गुर्जर व ओम कंवर अध्यापिका उपस्थित रहे।

## बाल वाहिनियों के चालकों से चर्चा की और उन्हें समझाया

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने बाल वाहिनियों का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की सचिव समीक्षा गौतम द्वारा मंगलवार को स्कूलों में संचालित बाल वाहिनियों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यातायात निरीक्षक राकेश शर्मा, सहायक उप निरीक्षक मथुरालाल, मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर कल्याण आदि उपस्थित रहे।

निरीक्षण दल द्वारा बाल वाहिनियों के चालकों को समझाया गया कि बाल वाहिनियों का रंग पीला होना आवश्यक है, साथ ही उन पर स्कूल का नाम, पता, फोन नंबर, वाहन चालक व सहायक का नाम आदि अंकित होना आवश्यक है। बाल वाहिनियों के चालक के पास वैध लाईसेंस होना आवश्यक है, साथ ही उसके पास वाहन चलाने का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव हो। बाल वाहिनियों में बच्चों की सुरक्षा के लिए आपातकालीन निकास, प्राथमिक चिकित्सा किट, अग्निशमन यंत्र, जीपीएस इत्यादि होना एवं चालकों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण होना आवश्यक है। निजी स्कूल संचालक और बाल वाहिनी चालक सिर्फ मुनाफे की चाह में बच्चों की सुरक्षा को ताक पर रख रहे है। बच्चों को स्कूल बसों एवं वैनों में ठूंस-ठूंसकर भरा जा रहा है। स्कूल बाल वाहिनियां यातायात नियमों का खुलेआम उल्लंघन कर रही है। बिना फिटनेस, बिना परमिट की ओवरलोडिंग बाल वाहिनियां सडकों पर धड़ल्ले से दौड़ रही है।

बच्चों की सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है, जिससे अभिभावक रोज डर के साये में जी रहे है। निरीक्षण के दौरान वाहनों की वास्तविक स्थिति निर्धारित मापदण्डों के विपरीत पाई गई। वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठा रखा था, कई बच्चें खडें हुए पायें गये। एक बाल वाहिनी का फिटनेस, परमिट एवं बीमा नहीं होना पाया गया। मौके पर ही उस बाल वाहिनी को सीज किया गया। साथ ही यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाली कई बाल वाहिनियों के चालान की कार्रवाई की गई।

# जमींदोज किए बगैर ही जारी कर दिया भवन निर्माण का आदेश

## सालभर पहले गिराना था भवन, आज भी ज्यों का त्यों खड़ा

## बैठक व्यवस्था अन्य जगह पर, पोषाहार के लिए यहीं आते बच्चे

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (जीतेश रावल)।** सालभर पहले जिस स्कूल भवन को जमींदोज करने के आदेश जारी हो गए वह आज भी ज्यों का त्यों खड़ा है। सरकारी आदेश जारी होने के बाद भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई और टेंडर करने के साथ वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया गया। वैसे स्कूल को जर्जर घोषित करने के बाद बच्चों को इसमें बैठाना बंद कर दिया है, लेकिन रसोई आज भी यहीं चल रही है और पोषाहार खाने के लिए बच्चे इसी कमरे में आते हैं। यह कितना खतरनाक हो सकता है यह सोच कर ही सिहरन पैदा हो जाती है। मामला आबूरोड ब्लॉक में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय छापरी का है।

### पंद्रह माह बाद भी जमींदोज नहीं हुआ

सर्वे रिपोर्ट एवं निष्पादक समिति के अनुमोदन के बाद जिले में कुल पांच स्कूल भवन जमींदोज किए जाने के आदेश जारी किए गए थे। इसमें छापरी का यह भवन भी शामिल था। जिला परियोजना कार्यालय से इस सम्बंध में 08 अगस्त, 2024 को कार्यालय आदेश जारी हुआ था। इसके बाद भी यह भवन ज्यों का त्यों खड़ा है।

### एक कमरे में चल रहा आठवीं तक स्कूल

सरकारी स्तर पर इतना जरूर किया गया कि इस भवन से बच्चों को अन्य जगह शिफ्ट कर दिया गया। बताया जा रहा है कि स्कूल भवन से कुछ आगे दो कमरे बने हुए हैं, जिसमें काफी सामान और अन्य सामग्री रखे हुए हैं। ठसाठस भरे इसी कमरे में आठवीं तक का स्कूल चलाया जा रहा है। पोषाहार के लिए स्कूल का जर्जर भवन ही है, जिसमें दोपहर को बच्चे पोषाहार खाने आते हैं।

### तीन दिन पहले जारी हो गया वर्क ऑर्डर

यह भी दिलचस्प ही है कि भवन जमींदोज करने के आदेश पंद्रह माह पहले निकल चुके हैं। गत तीन माह पहले टेंडर प्रक्रिया हुई और तीन दिन पहले ही ही स्कूल भवन निर्माण के लिए वर्क ऑर्डर जारी हो चुका है। वैसे जर्जर घोषित स्कूल भवन जमींदोज होने के बाद ही नया निर्माण हो सकता है, लेकिन वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद स्कूल कहां बनेगा यह सोचने वाली बात है।



सिरोही. छापरी में जर्जर हुआ स्कूल भवन, जिसमें पक रहा पोषाहार


सिरोही. जर्जर घोषित स्कूल भवन के बरामदे में सीढ़ियों पर व दीवार के सहारे खड़े बच्चे।

### बच्चे दूसरी जगह बैठते हैं...

भवन जर्जर होने के बाद हमने बच्चों को दूसरी जगह बैठाना शुरू किया है। पोषाहार के लिए यहां लाते हैं, लेकिन फिर वापस ले जाते हैं। भवन अभी जमींदोज नहीं हो पाया है।

**– कृष्णकुमार वराहट, प्रधानाध्यापक, छापरी**

### वर्क ऑर्डर जारी किया है...

जर्जर भवन में बच्चों को नहीं बैठाया जा रहा है। अभी नया भवन बनाने की प्रक्रिया चल रही थी। इसके तहत टेंडर हो चुके हैं तथा वर्क ऑर्डर जारी कर दिया है। जल्द ही भवन निर्माण शुरू होगा।

**– रघुनाथराम रावल, सहायक अभियंता, समग्र शिक्षा अभियान, सिरोही**

## शहर के राष्ट्रीय कवि अजात शत्रु के मध्यप्रदेश में मिला सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** शहर के राष्ट्रीय कवि राव अजातशत्रु को मैहर कटनी में मध्यप्रदेश का कीर्तिमान 2025 सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान विगत 44 वर्षों से साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था कीर्तिमान के संरक्षक समाजसेवी कैलाश जैन की अनुशंसा पर चयन समिति ने राव अजातशत्रु को उनके साहित्यिक योगदान पर कीर्तिमान सम्मान प्रदान करने का निर्णय लिया। यह सम्मान एक भव्य समारोह में आयोजित कवि सम्मेलन के प्रारंभ में मेहर के स्थानीय विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और जिलाधीश श्रीमती रानी बाटक द्वारा हजारों श्रोताओं की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

## प्रागपुरा में प्रवाहित हो रहा आध्यात्मिक रस

### आज भव्य भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा का होगा समापन

बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा (नि.स.)।** कस्बे के ढाणी कुशालगढ़ स्थित बाली के तिबारा त्यागी बाबा के प्राचीन मंदिर परिसर में पिछले कई दिनों से चल रही श्रीमद्भागवत कथा का दिव्य और आध्यात्मिक प्रवाह निरंतर जन-जन को भावविभोर कर रहा है। श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक अनुभूति से सराबोर कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, भक्तगण और महिलाएँ उपस्थित होकर अमृतमय प्रसंगों का रसपान कर रहे हैं। श्री श्री 108 महंत ब्रह्मानाथ महाराज के पावन सान्निध्य में हो रही यह कथा अपने उत्कर्ष के अंतिम पड़ाव पर पहुँच चुकी है। कथा के दौरान महंत ब्रह्मानाथ महाराज ने भक्तों को धर्म, सदाचार, संस्कार और जीवन प्रबंधन के विविध संदेश देते हुए भागवत महापुराण के दिव्य उपदेशों का विस्तृत वर्णन किया। उनकी ओजस्वी वाणी और सरल, सहज शैली ने भक्तों के हृदयों में भक्ति का भाव और प्रगाढ़ कर दिया। मंदिर परिसर में प्रतिदिन प्रातः से ही भक्तों की आवाजाही शुरू हो जाती है, वहीं शाम को आरती और भजन-संकीर्तन का मनमोहक वातावरण पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देता है। कथा स्थल पर सेवा समितियों द्वारा व्यवस्था, सुरक्षा, दर्शन और प्रसाद वितरण की सुचारू व्यवस्था भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। आयोजन के अंतिम दिन बुधवार को कथा के धामिर्क समापन के अवसर पर विशाल भंडारे का भव्य आयोजन रखा गया है। आयोजकों के अनुसार इसमें क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। भंडारे की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं तथा सेवा भावना से जुड़े युवा और महिलाएँ निरंतर व्यवस्थाओं में लगे हुए हैं। संपूर्ण क्षेत्र में श्रीमद्भागवत कथा के इस पावन आयोजन को लेकर उत्साह, उमंग और आध्यात्मिक अनुभूति का विशेष माहौल बना हुआ है।

## स्वर्गीय कर्नल हरी सिंह की चौथी पुण्य तिथि पर गौरव सेनानियों ने दी भाव भीनी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** गौरव सेनानी संघ जिला डीग द्वारा मंगलवार को गौरव सेनानी संघ डीग द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय कर्नल हरी सिंह की चौथी पुण्य तिथि पर जिलाध्यक्ष कर्नल ओमवीर सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में गौरव सेनानियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कर्नल ओमवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कर्नल हरि सिंह एक कर्मठ और देश के अनुशासित वीर सैन्य अधिकारी थे।जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ हुए युद्धों में भाग लेकर अपनी वीरता का लोहा मनवाया। सैन्य सेवा से सेवा निवृत होने के बाद भी वह पूर्व सैनिक संघ के माध्यम से गौरव सेनानियों और वीरांगनाओं की समस्याओं के लिए तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से समाज सेवा के कार्यों में अपना सक्रिय योगदान देते रहे।

## हिन्दुस्तान जिंक की एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट वित्त वर्ष 25 को एलएसीपी स्पॉटलाइट अवाईस में 'प्लैटिनम वर्ल्डवाइड' पुरस्कार

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक और विश्व स्तर पर शीर्ष पाँच चाँदी उत्पादकों में से एक, हिन्दुस्तान ज़िंक ने एक बड़ी अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। कंपनी की इंटीग्रेटेड एनुअल रिपोर्ट वित्त वर्ष 25 को प्रतिष्ठित लीग ऑफ अमेरिकन कम्युनिकेशंस प्रोफेशनल्स, स्पॉटलाइट अवार्ड्स 2025 में 1-10 बिलियन डालर रेवेन्यू कैटेगरी में प्लैटिनम विनर वर्ल्डवाइड के रूप में मान्यता मिली है। कंपनी ने भारत में पहला स्थान और वैश्विक स्तर पर 6वां स्थान हासिल किया, जिससे यह इस वर्ष ग्लोबल टॉप 10 में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय कंपनी बन गई है। हिन्दुस्तान जिंक की इंटीग्रेटेड एनुअल रिपोर्ट वित्त वर्ष 25 को अपनी स्पष्ट प्रस्तुति, आधुनिक डिजाइन और संदेश की स्पष्टता के लिए सराहा गया, जिसने 100 में से 99 का उत्कृष्ट स्कोर अर्जित किया, जो इस वर्ष सभी श्रेणियों में उच्चतम स्कोर में से एक है। एलएसीपी स्पॉटलाइट अवार्ड्स को कॉर्पोरेट रिपोर्टिंग और संचार में उत्कृष्टता के लिए विश्व स्तर पर सबसे सम्मानित बेंचमार्क में से एक माना जाता है। 2025 एडिशन में अलग-अलग सेक्टर और जगहों के बड़े ऑर्गनाइजेशन से 500 सबमिशन आए।

## राजस्थान की नन्हीं बालिका चेस की शातिर खिलाड़ी कियाना परिहार ने विश्व में चमकाया भारत का नाम

### कुआलालाम्पुर में शतरंज में गोल्ड मेडल सहित अब तक 10 अन्तर्राष्ट्रीय मेडल जीते

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** राष्ट्रीय अन्डर-9 गर्ल्स शतरंज चेम्पियन उदयपुर की नन्हीं बालिका कियाना परिहार ने छोटी सी उम्र में शतरंज में वैश्विक स्तर पर शतरंज खिलाड़ियों को मात दे कर इस क्षेत्र में भारत का नाम रोशन किया है।

रविवार को मलेशिया के कुआलालम्पुर में सम्पन्न हुई कोमनवेल्थ शतरंज चेम्पिनशीप 2025 में गोल्ड मेडल जीत कर देश के लिये बहुत बड़ा खिताब अपने नाम किया। कियाना ने कुआलालम्पुर में अन्डर-10 गर्ल्स ब्लिट्ज़ वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उक्त चेम्पियनशीप में खिताब हासिल किया। कुआलालम्पुर में 8-17 नवम्बर तक आयोजित इस 10 दिवसीय टुर्नामेन्ट में 30 देशों के 900 शतेंरज खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गो की प्रतिस्पर्धा में भाग लिया।

कियाना के पिता जितेन्द्र परिहार ने आज अशोका पैलेस के मधुश्री बेक्वेंट हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि कियाना ने ब्लिट्ज़ खिताब के साथ ही क्लासिकल प्रारूप में कास्य पदक भी जीता। इससे यह साबित होता है कि कियाना खेल के हर प्रारूप में माहिर है। इस उपलब्धि के साथ ही कियाना ने अब तक 10 अन्तर्राष्ट्रीय पदक जीते। कियाना की लगन एवं निरन्तर बेहतर प्रदर्शन ने उन्हें भारत की सबसे युवा प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ी में शुमार दिया। इससे पहले कियाना ने वैश्विक स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए कजाखस्तान के अल्माटी में आयोजित हुई वर्ल्ड कैडेट शतरंज चेम्पियनशीप 2025 अन्डर-10 आयु वर्ग में कास्यं पदक जीता,साथ ही ग्रीस के रोड्स में आयोजित वर्ल्ड यूथ टिल्ट्ज़ शतरंज चेम्पियनशीप में कास्यं पदक जीता। इससे वह विश्व स्तर की प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली राजस्थान की पहली खिलाड़ी बनी।

## शपथ लेकर मनाई नशा मुक्त भारत अभियान की वर्षगांठ



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** नशामुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम हुए। इसके तहत अगस्त से अक्टूबर तक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया गया। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में शपथ कार्यक्रम हुआ। इसमें पीआरओ धीरजकुमार दवे ने कार्मिकों को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एकजुट रहते हुए नशामुक्ति की शपथ दिलाई। स्वयं एवं दूसरों को नशा मुक्त रखने की दिशा में कार्य किए जाने का आह्वान किया गया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी फूलाराम सोलंकी, महेन्द्रकुमार, विनोद आसेरी, कृष्णपाल देवड़ा, कुलदीपसिंह, भैराराम, गोपाल मीणा, अमृत सोनी समेत कई लोग मौजूद रहे। उधर, जिला कलक्टर अल्पा चौधरी के निर्देशानुसार जिले के शिक्षण संस्थानों, राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों में भी शपथ कार्यक्रम हुए।

## सोजी सेम्यूअल को मिली पीएचडी उपाधि

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (नि.स.)।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), उदयपुर के 21वें दीक्षांत समारोह में सोजी सेम्युअल को रॉबिन क्लेन की चयनित कृतियों में पहचान संकट एवं आत्मीयता की अनुभूति विषय पर किए गए शोधकार्य हेतु पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। सोजी सेम्युअल ने यह शोध माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय, उदयपुर के अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष एवं सहायक आचार्या डॉ. आरती जैन के मार्गदर्शन में पूर्ण किया।

## नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान

### दधिमती महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**अनूपगढ़/श्रीगंगानगर (डी एल सारस्वत)।** जिला कलक्टर डॉ. मंजू एवं जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के नेतृत्व में जारी नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत दधिमती महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से श्री विक्रम ज्याणी ने कहा कि नशे के खिलाफ चल रहे इस अभियान में एक बहन और उसका भाई मिलकर इस अभियान में बहुत बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। अपनी राखी की जिम्मेदारी समझो और समाज को सुरक्षित बनाने में साझेदार बनो। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं की एक छोटी सी पहल भी परिवार और समाज को नशे के दंश से बचा सकती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्या डॉ. निरूपा शर्मा ने विद्यार्थियों से जोरदार अपील की कि हम सबको इस अभियान से जुड़ना है और दूसरों को भी साथ जोड़ना है, तभी नशा मुक्त समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति की शपथ ली तथा नशा मुक्ति सुरक्षा कवच बैज वितरण किए गए। कार्यक्रम में रश्मि कटारिया, कंचन आहूजा, पुष्पा गांधी, जितेंद्र शर्मा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विधायक श्रीचंद कृपलानी ने किया निम्बाहेड़ा में उप परिवहन कार्यालय का शुभारंभ

### आमजन को लाइसेंस, नवीनीकरण, वाहन पंजीकरण जैसी सुविधाएं मिलेंगी स्थानीय स्तर पर

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** निम्बाहेड़ा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक दिन साबित हुआ, जब राज्य सरकार द्वारा बजट में स्वीकृत उप परिवहन कार्यालय, निम्बाहेड़ा का शुभारंभ मंगलवार, 18 नवम्बर 2025 को भव्य समारोह के बीच किया गया। पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर कार्यालय का औपचारिक उद्घाटन किया। जेके तिराहा स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट तथा पूर्व जिला उपाध्यक्ष ललित प्रकाश शारदा उपस्थित रहे। समारोह के आरंभ में परिवहन विभाग के अधिकारियों क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी चित्तौड़गढ़ नेमीचंद पारीक, जिला परिवहन अधिकारी एन.एन. शाह, परिवहन निरीक्षक सतीश कुमार मीणा, विक्रम सालवी, रविन्द्र जुरिया तथा विभागीय स्टाफ ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण से स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन आरटीओ नेमीचंद पारीक द्वारा दिया गया।

### निम्बाहेड़ा के विकास में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ा

अपने संबोधन में विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि निम्बाहेड़ा के लिए उप परिवहन कार्यालय की शुरुआत एक बड़े बदलाव का प्रतीक है। अब क्षेत्रवासियों को ड्राइविंग लाइसेंस बनाने, नवीनीकरण करवाने, वाहन फिटनेस एवं परमिट से संबंधित कार्यों के लिए चित्तौड़गढ़ के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि निम्बाहेड़ा जैसे औद्योगिक और व्यापारिक क्षेत्र के लिए यह सुविधा अत्यंत आवश्यक थी। आज इस कार्यालय के शुरू होने से लाखों लोगों को सुविधा मिलेगी और समय, धन एवं श्रम की बचत होगी।

विधायक कृपलानी ने राजस्थान सरकार के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का निम्बाहेड़ा एवं क्षेत्रवासियों की ओर से हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ, जिन्होंने निम्बाहेड़ा क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण आवश्यकता को समझते हुए बजट में उप परिवहन कार्यालय की स्वीकृति प्रदान की। साथ ही उप मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री प्रेमचंद बैरवा का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने इस कार्यालय को शीघ्र शुरू करवाने में विशेष रुचि लेकर आमजन को यह बड़ी सौगात देने का कार्य किया। उद्घाटन कार्यक्रम में भाजपा वरिष्ठ नेता डॉ. जे.एम. जैन, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, कमलेश बुनकर, ग्रामीण मण्डल महामंत्री राजेश धाकड़, पुलिस उप अधीक्षक बद्रीलाल राव, कोतवाली थानाधिकारी रामसुमेर मीणा, सदर थानाधिकारी संजय शर्मा, पंस विकास अधिकारी लक्षणलाल खटीक, जिला मंत्री शौकीन चपलोत, जिला प्रवक्ता मानवेन्द्र सिंह चौहान, नगर उपाध्यक्ष गोपाल पंचौली, लक्की आहूजा, जगदीश माली, कुलदीप सिंह राठौड़, नगर मंत्री आशीष बोड़ाना, ओमप्रकाश नाथ, कैलाश सेन, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, एससी मोर्चा नगर अध्यक्ष विजय बैरवा, ट्रांसपोर्ट व्यवसायी संजय शारदा, पीयूष शारदा, लोकेश लड्ढा, रवि दशोरा, अशोक शर्मा, रामचंद्र चारण, यासीन खान आदि सहित नगर के जनप्रतिनिधि, ट्रांसपोर्ट व्यवसायी, मोटर मालिक, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी संगठन, मीडियाकर्मी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। अतिथियों ने कार्यालय भवन का निरीक्षण कर सुविधाओं की जानकारी भी ली।

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम

### बीएलओ डोर-टू-डोर जाकर कार्य को दे रहे हैं अंजाम

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत श्रीगंगानगर जिले में सभी 6 विधानसभाओं में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर इस कार्य को बखूबी निभाया जा रहा है। इस अभियान में बूथ लेवल अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए गत 15 दिनों में घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध करवाये हैं तथा उन्हें इस बात की विस्तृत जानकारी दी है कि प्रपत्र कैसे भरा जाये और किन बिन्दुओं पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। जिला कलक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मंजू ने बताया कि जिले में गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की गति लगातार बढ़ रही है तथा गणना प्रपत्र ईसीआई नेट पर अपलोड भी किये जा रहे हैं। विधानसभा सादुलशहर में 18 नवम्बर को दोपहर 12 बजे तक 32.09 प्रतिशत डिजिटाइजेशन, सूरतगढ़ विधानसभा में 35.72 प्रतिशत, गंगानगर विधानसभा में 30.40 प्रतिशत, रायसिंहनगर विधानसभा में 52.01 प्रतिशत, करणपुर विधानसभा में 44.60 प्रतिशत तथा अनूपगढ़ में 38.98 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य हो चुका है तथा इस कार्य को ओर गति दी जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में जिले की 6 विधानसभा सादुलशहर, अनूपगढ़, सूरतगढ़ के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों की देखरेख में समस्त बीएलओ सक्रिय रूप से मतदाता सूची के महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिये लगे हुए हैं।

## बीएलओ की दर्दनाक मौत के बाद शिक्षकों का आक्रोश,काली पट्टी बांधकर उठी न्याय की पुकार



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ की ओर से शिक्षकों और कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। यह विरोध उस दर्दनाक घटना के बाद सामने आया, जिसमें चुनाव आयोग के एसआईआर कार्यक्रम के दबाव और अपमानजनक व्यवहार से आहत एक बीएलओ ने जयपुर में आत्महत्या कर ली।महासंघ के जिलाध्यक्ष जवरीलाल प्रजापत ने बताया कि बीएलओ से लक्ष्य पूर्ण करवाने के नाम पर उच्च अधिकारी लगातार दबाव बना रहे हैं, अपमान करते हैं और निलंबन की धमकियाँ देते हैं। इसी मानसिक प्रताडऩा से व्यथित होकर एक कर्मचारी ने रेल के आगे कूदकर जीवन समाप्त कर लिया महासंघ ने दोषी अधिकारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही एसआईआर कार्यक्रम की समयसीमा बढ़ाकर कर्मचारियों पर दबाव कम करने की आवश्यकता जताई। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार तुरंत कार्रवाई नहीं करती है, तो उग्र आंदोलन की रणनीति अपनाई जाएगी।

## पटवारी 7 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



ब्यावर (अनिल सिखवाल)। ब्यावर जिले के रूपनगर पटवार हल्के के पटवारी आनंद मेघवाल को एसीबी ने जमीन के नामांतरण खोलने के लिए 7,000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। 8,000 रुपए की मांग की शिकायत पर 13 नवंबर को सत्यापन हुआ, जिसमें 7,000 रुपए तय होने की पुष्टि हुई एसीबी चौकी अजमेर की टीम ने ट्रैप कर टेबल पर रखवाई गई राशि बरामद की। कार्रवाई एसीबी एसपी महावीर सिंह राणावत के सुपरविजन में, एडिशनल एसपी भागचंद्र मीणा के नेतृत्व में निरीक्षक मीरा बेनीवाल व टीम ने की। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में मामला दर्ज कर पूछताछ जारी है।

## प्रदूषण कम करने में वृक्षारोपण की महती आवश्यकता - कोठारी



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त करने के लिए वृक्षारोपण आज के समय की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का एक पेड़ मां के नाम अभियान भी इसी उद्देश्य को लेकर चल रहा है । विधायक कोठारी मंगलवार को अपने कार्यालय में महावीर इंटरनेशनल पर्यावरण टीम द्वारा जारी मिशन आक्सीजन पेम्पलेट का विमोचन करने के बाद सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण से ही पर्यावरण का संतुलन बनाए रखा जा सकता है । इस मौके पर महावीर इंटरनेशनल क्वींस पर्यावरण टीम की सहमंत्री प्रीति सिंह ने कहा कि वर्तमान में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए आने वाली पीढ़ी को सरलता से आक्सीजन मिले, इस हेतु महावीर इंटरनेशनल वृक्षारोपण एवं मृदा संरक्षण अभियान चला रहा है। अभियान के अंतर्गत विश्व मृदा दिवस 5 दिसंबर के उपलक्ष्य में चित्रकला प्रतियोगिता व अनुच्छेद लेखन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। आज इसके पेम्पलेट का विमोचन किया गया। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल क्वींस की मार्गदर्शिका साधना, अध्यक्ष किरण बापना, सचिव दीपिका पाटनी, सहकोषाध्यक्ष वंदना पालीवाल, सहमंत्री प्रीति एवं कार्यकारिणी सदस्य नीता जैन, पिंकी सोनी, अर्पिता व विजया मेहता उपस्थित थी।

# अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर कांग्रेस के पांच पार्शदो को किया पाबंद

बढ़ता राजस्थान



नैनवां,(नि.स.)। पालिका की पूर्व चैयरमैन प्रेमबाई गुर्जर का कथित अवैध निर्माण पर प्रशासन ने सवेरे ही बुलडोजर चला कर ध्वस्त कर दिया। कार्यवाही से पूर्व कांग्रेस के पांच पार्शदो को पाबंद किया गया। प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही से कांग्रेस पार्शदो ने सरकार के इस रवैया पर सख्त नाराजगी प्रकट की गई। वहीं पार्शद ओम प्रकाश गुर्जर ने प्रशासन की कार्यवाही को खानापूर्ति बताया गया। उन्होने कहा कि पूर्व पालिकाध्यक्ष ने गलत तथ्य प्रस्तुत करके उस स्थान का अवैध पट्टा जारी किया गया उस अतिक्रमण को ध्वस्त नहीं किया गया। केवल प्रषासन ने चार दीवारी को ही ध्वस्त किया गया।

### ये रहा घटनाक्रम

मंगलवार को एक बार फिर कांग्रेस बोडऱ् में जारी हुए फर्जी पट्टे का प्रकरण सुर्खियो में रहा। निरस्त हुए 43 पट्टो पर अतिक्रमण नहीं हटाया जाने का विरोध रहा तो दूसरी ओर पूर्व पालिका चैयरमैन प्रेमबाई गुर्जर ने अपने कार्यकाल में अपनी पुत्र वधु के नाम अवैध पट्टा जारी किया था। शिकायत के बाद जॉच उपरान्त पालिका चैयरमैन को निलम्बित किया गया था। लेकिन जिस स्थान का पालिका चैयरमैन द्वारा पट्टा जारी किया गया था। उस स्थान पर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाने की लगातार मांग की जा रही थी। मंगलवार को पालिका अधिशासी अधिकारी ने पुलिस जाप्ते की मदद से अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार रामराय मीणा,थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा,ई.ओ बृजभूशण षर्मा सहित पालिका का अतिक्रमण दस्ता मौजूद रहे।

### आधे दर्जन लोगो को किया पाबंद-

थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही के दौरान शांती व्यवस्था बनाये रखे जाने को लेकर न्यायालय द्वारा चार पार्शद सहित आधे दर्जन लोगो को पाबंद करवाया। पार्शद मोहम्मद सलीम,नबील अंसारी, भूपेन्द्र, अमृतराज,जावेद आलम सहित अन्य लोगो को पाबंद करवाया गया।

**इनका कहना**

पूर्व पालिकाध्यक्ष द्वारा अपनी पुत्र वधु के नाम जारी किया गया अवैध पट्टे को उपासन समिति द्वारा 25 सितम्बर को निरस्त कर दिया गया था। मंगलवार को उच्चाधिकारियो के निर्देष पर अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही नियमानुसार की गई।

अधिशासी अधिकारी
बृजभूशण शर्मा

### पार्शद ने एसडीएम को दिया परिवाद-

पूर्व चैयरमैन द्वारा पुत्र वधु के नाम जारी पट्टा एंव अवैध मैरिज गार्डन संचालन को लेकर पार्शद ओम प्रकाश गुर्जर ने एसडीएम को शिकायत दी गई। शिकायत में बताया कि राज्य सरकार द्वारा जॉच उपरान्त भी प्रशासन ने अतिक्रमण हटाये जाने पर खानापूर्ति की गई है। कार्यवाही के दौरान पक्के निर्माण को छोड़ा गया है। केवल दिवार को हटाया गया है। दूसरी ओर अवैध मैरिज गार्डन को भी सीज नहीं किया गया है। उपखण्ड अधिकारी ने तहसीलदार से कार्यवाही की रिर्पोट मांगी गई है।

CM से मिले टेक्सटाइल उद्योगों के प्रतिनिधि

## विद्युत टैरिफ और सौर ऊर्जा उत्पादन में आ रही दिक्कतों से कराया अवगत



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** राजस्थान टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन, मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री तथा भीलवाड़ा टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन के प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर उद्योगों से जुड़ी प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। सांसद दामोदर अग्रवाल के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में डॉ. एस.एन. मोदानी, दिनेश नौलखा, जे.सी. लड्ढा, डी.पी. मंगल, एन.के. बहेडिया, टी.सी. छाबड़ा, मनीष चांडक और अंकित शर्मा शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि विद्युत निगमों द्वारा प्रति यूनिट एक रुपये के रेगुलेटरी सरचार्ज से उद्योगों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। वैश्विक और घरेलू बाजार में प्रतिस्पर्धा, बढ़ती टैरिफ दरें तथा अन्य इनपुट लागतों के चलते उद्योग कठिन आर्थिक परिस्थितियों से गुजर रहे हैं। उन्होंने सरचार्ज को वापस लेने या इसके बदले राज्य सरकार द्वारा अनुदान देने की मांग रखी, ताकि रोजगार सुरक्षित रहे और राजस्थान उद्योग निवेश के लिए आकर्षक बना रहे। सौर ऊर्जा उत्पादन से संबंधित मुद्दों पर प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वर्तमान में कनेक्टेड लोड के 200 प्रतिशत तक कैप्टिव सोलर प्लांट लगाने की अनुमति है, जिसे बढ़ाकर 400 प्रतिशत किया जाए। साथ ही उद्योगों को संयुक्त बैंकिंग सुविधा देने और अधिक उत्पादन पर 20 प्रतिशत बैटरी क्षमता लगाने की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग भी रखी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए सिद्धांत रूप में सहमति जताई और अपने विशेष सचिव संदेश नायक को इस संबंध में विस्तृत नोट तैयार कर आवश्यक निर्देश जारी करने के लिए कहा।

## न्युवोको ने ग्राहक अनुभव प्रबंधन में जीता प्रतिष्ठित सैप एसीई अवॉर्ड

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड भारत की विश्वसनीय निर्माण सामग्री कंपनी को डिसरप्टर कस्टमर एक्सपीरियंस मैनेजमेंट श्रेणी में सैप एसीई अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड डिजिटल इनोवेशन और बदलाव में इसकी बेहतरीन उपलब्धियों के लिए दिया गया है। यह अवॉर्ड उन संगठनों को सम्मानित करता है जो कमर्शियल एक्सीलेंस को प्रोत्साहित करने के लिए सैप तकनीकों का बेहतरीन उपयोग प्रदर्शित करते हैं। न्युवोको को यह प्रतिष्ठित सम्मान अपने न्युवोको कस्टमर पोर्टल - न्युवोसेतु के लिए मिला है, जो एक इंटीग्रेटेड डिजिटल बी2बी प्लेटफॉर्म है, जिसके सीमेंट, रेडी-मिक्स कंक्रीट और मॉडर्न कंस्ट्रक्शन सामग्री व्यवसायों में ऑर्डर मैनेजमेंट, कोट्स, भुगतान, खाता डिटेल और लॉयल्टी प्रोग्राम्स सहित महत्वपूर्ण ग्राहक कार्यों को आसानी से इंटीग्रेट करता है। एक सिंगल डिजिटल इकोसिस्टम के रूप में, यह प्लेटफॉर्म ऑपरेशनल कार्यकुशलता और पारदर्शिता को बढ़ाता है, जो ग्राहक-केंद्रित कल्चर को दर्शाता है जिसका उद्देश्य ग्राहकों की संतुष्टि को अधिकतम करना है। नवीन सिंघानिया, हेड, इंफॉर्मेशन मैनेजमेंट, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, ने कहा कि न्युवोको कस्टमर पोर्टल ने हमारे ग्राहकों के बिजनेस के साथ बातचीत करने के तरीके को बदल दिया है, यह रियल-टाइम विजिबिल्टी, आसान प्रोसीजर्स और एक बेहतर डिजिटल-फर्स्ट अनुभव प्रदान करता है। हमें भवन निर्माण सामग्री इंडस्ट्री में सबसे व्यापक डिजिटल इकोसिस्टम प्रणालियों में से एक के निर्माण के लिए सैप द्वारा मान्यता प्राप्त होने पर गर्व है। यह अवॉर्ड ग्राहक अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करने, हमारे हितधारकों के लिए वैल्यू क्रिएट करने और इंडस्ट्री-प्रमुख डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को आगे बढ़ाने के लिए न्युवोको की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## वंडर सीमेंट लि. द्वारा किसानों का कृषि विज्ञान केन्द्र बारामती, महाराष्ट्र में शैक्षणिक भ्रमण

बढ़ता राजस्थान




**चित्तौडग़ढ़ (संजय खाबिया)।** वंडर सीमेंट लि. आर. के. नगर, निम्बाहेड़ा की परियोजना क्षेत्र के आस-पास के ग्राम के किसानों के दल को ए.आई. आधारित 35 फीट ऊंचे गन्ने की खेती के तरीके को समझना, ओर्गेनिक कृषि, ग्राफ्टेड सब्जी उत्पादन, पशु पालन की अत्याधुनिक तकनिक से परिचय, मक्का की उत्पादन क्षमता बढाने सहित आधुनिक तरिके से कृषि के विषय पर दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण हेतु महाराष्ट्र के पुने जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र बारामती भेजा गया। भ्रमण दल को कम्पनी के यूनिट हेड नितिन जैन द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान श्री जैन ने किसान भाईयों से अपील करते हुए कहा कि कृषि आय में वृद्धि हेतु नवीन कृषि तकनिक एवं विज्ञान के नवाचारों से खेती एवं पशु पालन के लिये कृषि विज्ञान केन्द्र, बारामती के वैज्ञानिकों से विभिन्न प्रकार की फसलों की जानकारी प्राप्त कर कृषि कार्य में उसे अपनाने का प्रयास करें। किसान दल ने कृषि विज्ञान केन्द्र, बारामती में प्रशिक्षण के दौरान की विभिन्न कृषि नवाचार, पशुपालन, मीक्स ग्रेन खाद्य प्रसंस्करण और प्रौद्योगिकी आधारित मॉडल की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान किसानो ने एग्रीकल्चर डवलपमेंट ट्रस्ट, केवीके बारामती के चैयरमेंन एवं ट्रस्टी को वंडर सीमेंट लि. द्वारा परियोजना क्षेत्र के ग्रामों में किसानों की आय में वृद्धि तथा कृषि उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिये कृषि विज्ञान केन्द्र एवं सीताफल उत्कृष्टता केंद्र चित्तौडग़ढ़ में कृषि वैज्ञानिकों की देख-रेख में तैयार विभिन्न किस्म के सब्जियों के उत्पादन एवं उन्नत किस्म की फलदार बाडीयां विकसित करने के लिये किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

## आज एसआर वाटिका कपासन में बाबा श्याम के भव्य संकीर्तन का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** खाटूधाम में भव्य गुरुकुल की स्थापना के लक्ष्य को लेकर 17 से 23 नवम्बर तक मेवाड़ में मोरवीनन्दन शीर्षक से श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है ।जिसमे आयोजक मंडल करने वाला श्याम कराने वाला श्याम के तत्वावधान में श्री श्याम महोत्सव का कपासन में भव्य आयोजन होगा ।जिसके अंतर्गत 19 नवंबर बुधवार को कपासन नगर के महाराणा प्रताप चौराहा चुंगीनाका स्थित एसआर वाटिका में भव्य श्री श्याम महोत्सव में सांय 7 बजे बाबा श्याम का भव्य भजन संकीर्तन का आयोजन होगा। इधर एसआर वाटिका कपासन के प्रतिनिधि नंदकिशोर सोनी ने बताया कि बुधवार सायं 7 बजे एसआर वाटिका कपासन में बाबा श्याम के भव्य भजन संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन होगा ।जिसमें भजन प्रवाहक कुमार गिरिराज शरण जयपुर सनातन धर्म प्रचारक राष्ट्रीय नोवल पुरस्कार से सम्मानित, भजन गायक विजय सोनी करेडा,उमा शर्मा चित्तौडग़ढ़ द्वारा श्री श्याम भक्ति से ओत-प्रोत एवं मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी। जिसका उपस्थित भक्त एवं श्रद्धालुओं द्वारा आनंद उठाया जायेगा।

## चित्तौड़गढ़ जिले को फसल खराबा सूची में शामिल न करने पर पूर्व सहकारिता मंत्री ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र, जताया विरोध

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा,(नि.स.)।** राजस्थान सरकार के आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2025-26 की गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर जारी की गई अधिसूचना पर पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कड़ा विरोध दर्ज करते हुए चित्तौडग़ढ़ जिले की उपेक्षा को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है और इस संदर्भ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिख इसपर पुनः विचार करने का निवेदन किया है। जारी अधिसूचना में राजस्थान इफेक्टेड (सस्पेंशन ऑफ प्रोसिडिंग्स) एक्ट, 1952 की अधिसूचना संख्या 21 के तहत धारा 3 एवं 4 का उपयोग करते हुए राज्य सरकार ने जयपुर, सलूंबर, जालोर, करौली, प्रतापगढ़ एवं हनुमानगढ़ जिलों के 1814 गांवों को बाढ़ से 33 प्रतिशत या उससे अधिक फसल खराबे के आधार पर अभावग्रस्त घोषित किया है। इस पर आंजना ने कहा कि चित्तौडग़ढ़ जिले में खरीफ मौसम के दौरान हुई लगातार बारिश और जलभराव से बड़े पैमाने पर फसलें नष्ट हुईं, जिसमें निंबाहेड़ा, बस्सी, विजयपुर जैसे क्षेत्र विशेष रूप से प्रभावित हुए थे। परंतु सरकार द्वारा जारी सूची में जिले का नाम शामिल न होना किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला स्तर पर प्रस्तुत की गई गिरदावरी रिपोर्टों की अनदेखी कर राज्य सरकार ने किसानों की समस्याओं को दरकिनार किया है।

**किसानों को मुआवजा दिलवाने की मांग :** आंजना ने स्पष्ट किया कि जिले के अनेक ग्रामों में सोयाबीन, मक्का, उड़द, मूंग एवं मूंगफली सहित अन्य प्रमुख खरीफ फसलों में भारी नुकसान हुआ है, इसलिए चित्तौडग़ढ़ को अभावग्रस्त घोषित कर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा प्रदान की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने तत्काल प्रभाव से जिले को बाढ़ प्रभावित सूची में शामिल नहीं किया, तो कांग्रेस पार्टी किसानों की आवाज बुलंद करते हुए व्यापक आंदोलन करेगी।

युवा शक्ति, प्रशासन और समाज साथ आया

## नशामुक्ति का नया सवेरा,ब्यावर ने उठाया सामाजिक बदलाव का दीप

बढ़ता राजस्थान




**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय शपथ ग्रहण कार्यक्रम उत्साह और संकल्प के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और नागरिकों ने मिलकर नशा मुक्त समाज के निर्माण का प्रण लिया जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने कहा कि नशा युवाओं की ऊर्जा, परिवारों की खुशहाली और समाज की उन्नति का सबसे बड़ा शत्रु है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को भी जागरूक करते हुए इस अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने में सहयोग करें कलेक्टर ने बताया कि पुलिस, स्वास्थ्य विभाग एवं विभिन्न एजेंसियाँ जिले में लगातार जागरूकता और रोकथाम के विशेष अभियान चला रही हैं। जिला परीक्षा एवं सामाजिक न्याय अधिकारी श्री विशाल सिंह ने अभियान की गतिविधियों—काउंसलिंग, पोस्टर अभियान, स्कूलों एवं कॉलेजों में संवाद कार्यक्रम—की जानकारी दी। कार्यक्रम में एडीएम ब्रह्मलाल जाट, सीएमएचओ डॉ. संजय गहलोत, एसीईओ गोपाल लाल व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में शपथ और हस्ताक्षर अभियान के साथ नशा मुक्त समाज के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया गया।

देश में द्वितीय स्थान, राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

## भीलवाड़ा को मिला 'जल संचय जन भागीदारी 1.0 अवार्ड'

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** जल संरक्षण और जनसहभागिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भीलवाड़ा जिले ने राजस्थान में प्रथम तथा केंद्र सरकार के 'जल संचय जन भागीदारी (श्रेष्ठ) 1.0' अभियान में देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को नई दिल्ली में आयोजित समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सम्मानित किया। जिला प्रशासन की इस व्यापक पहल के परिणामस्वरूप भीलवाड़ा में भूमिगत जल स्तर में औसतन 3.57 मीटर की ऐतिहासिक बढ़ोतरी दर्ज हुई है, जो जनप्रतिनिधियों, प्रशासन, विभिन्न विभागों और स्थानीय जनता के संयुक्त प्रयास का प्रत्यक्ष परिणाम है। अभियान के तहत कुल 1,01,910 कार्य संपन्न किए गए। इनमें ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा 81,410, वाटरशेड विभाग द्वारा 19,017, कृषि विभाग के 6,273, वन विभाग के 2,284, जलदाय विभाग के 1,128, भूजल विभाग के 22 तथा अन्य विभागों व स्वयंसेवी संगठनों द्वारा 279 कार्य शामिल रहे। इनमें 46,526 नए जल ढांचों का निर्माण और 55,384 संरचनाओं के पुनर्निर्माण से जिले की जल संचयन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के नेतृत्व में जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम, ग्रामसभाओं के माध्यम से जनभागीदारी सुनिश्चित करने तथा भूजल पुनर्भरण के लिए तकनीकी उपायों को प्राथमिकता दी। कलेक्टर ने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि भविष्य की सामूहिक जिम्मेदारी है। जनसहभागिता के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं, जिनसे न केवल जल स्तर बढ़ा है बल्कि कृषि, पेयजल और पर्यावरण संरक्षण में दीर्घकालिक लाभ मिलेंगे। इस उपलब्धि के लिए केंद्र सरकार द्वारा जिले को 2 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर किला स्कूल में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

## यातायात से जुड़े नियमो की जानकारी दी, दुर्घटनाओं पर रोक के लिए जागरूकता जरूरी

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** धौलपुर जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर 4 से 18 नवंबर तक जिले भर में सड़क सुरक्षा जागरूकता पखवाड़ा मनाया गया। इस अभियान के मंगलवार को समापन पर बाड़ी शहर के पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कोतवाली सीआई देवेंद्र शर्मा और ट्रैफिक इंचार्ज गोविंद सिंह ने छात्रों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। यह कार्यक्रम विद्यालय प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सीआई देवेंद्र शर्मा ने छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि नियमों के पालन से दुर्घटनाओं का खतरा कम होता है और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित होती है। उन्होंने छात्रों को 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर आरटीओ कार्यालय से पंजीकरण कराकर लाइसेंस प्राप्त करने की सलाह दी। शर्मा ने स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु के छात्रों को टू-व्हीलर या फोर-व्हीलर वाहन नहीं चलाना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से भी अपने बच्चों पर ध्यान रखने का आग्रह किया, क्योंकि युवावस्था में तेज गति से वाहन चलाने के कारण दुर्घटनाएं अधिक होती हैं, जिससे गंभीर चोटें या जान का खतरा हो सकता है। ट्रैफिक इंचार्ज गोविंद सिंह ने छात्रों को सड़क पर वाहन चलाने की सही दिशा और गति के बारे में बताया। प्रधानाचार्य ने भी छात्रों से यातायात नियमों का पालन करने,तेज गति से वाहन न चलाने और नाबालिग होने की स्थिति में वाहन का उपयोग न करने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों को परिजनों के साथ ही वाहन पर यात्रा करने की सलाह दी ताकि किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके। इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ और अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## साइबर ठगी करते हुए 3 युवक गिरफ्तार, 3 एंड्राइड मोबाइल जप्त

### डीग थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बद्रीपुर रोड पर की कार्यवाही



बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** डीग थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 3 युवकों को साईबर ठगी करते हुए गिरफतार कर उनके कब्जे से 3 एंड्राइड मोबाइल जप्त किए है। थाना कोतवाली प्रभारी अमर सिंह के अनुसार के एस पी ओमप्रकाश मीणा द्वारा डीग जिले में ऑनलाईन ठगी के करने वालो के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत ए एस पी अखलेश शर्मा और सी ओ सीता राम बैरवा के निर्देशन में ए एस आई नौबत सिंह ने मय जाप्ता के मुखबिर सूचना बद्रीपुर रोड पर कलुआ उर्फ मुकेश अहीर के खेत में बनी पक्की कोठरी के पास पर दबिश देकर जावेद 27 बर्ष पुत्र जाकिर मेव निवासी गांव भीलमका थाना कोतवाली डीग, तामिल 23 वर्ष पुत्र जीमल मेव और अनीस मोहम्मद 23 बर्ष पुत्र इजराइल मेव निवासीयान गांव बाजीरका थाना बगड़ का तिराहा जिला अलवर और ऑनलाइन साइबर ठगी करते हुए गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन एंड्राइड मोबाइल जप्त किए है।

### फर्नीचर खरीदने का झांसा देकर लोगों से करते थे आन लाइन ठगी

गिरफ्तार जावेद, अनीश मोहम्मद और तामिल ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया है कि वह तीनों संयुक्त रूप से मिल कर फर्जी सिमो और जी मेल आई डी व नाम और पते से लोगो को काल कर भोले भाले लोगों से फर्नीचर बेचने का झांसा देकर और अन्य तरीकों से आन लाइन ठगी करते थे।

## लोहागढ़ स्टेडियम में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की तैयारियों का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** संभाग मुख्यालय स्थित लोहागढ़ स्टेडियम में आयोजित होने वाले 5वें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 की तैयारियों को लेकर एडीएम सिटी राहुल सैनी द्वारा बुधवार को प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला खेल अधिकारी, परियोजना निदेशक आरएसआरडीसी, अधिशाषी अभियंता भरतपुर विकास प्राधिकरण, अधिशाषी अभियंता नगर निगम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि गेम्स का आयोजन 23 नवम्बर से 5 दिसम्बर 2025 तक प्रस्तावित है। इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने हेतु स्टेडियम परिसर में रंग-पेंट, आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन, साफ-सफाई, मुख्य द्वारों के निर्माण, साज-सज्जा आदि कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को प्रदान किए गए। एडीएम सिटी ने कार्यक्रम के उद्घाटन हेतु अतिथियों की बैठक व्यवस्था, पाण्डाल निर्माण, खिलाड़ियों एवं अधिकारियों के आवास, जलपान तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समयपूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी कार्य नियत समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण हों।

## मतदान केन्द्रों पर एसआईआर जागरूकता शिविर का किया जाएगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी के निर्देशानुसार 79-विधानसभा क्षेत्र धौलपुर में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026- 4 नवम्बर से प्रारंभ किया जा चुका है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी कर्मवीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए विधानसभा धौलपुर में मतदान केन्द्रों पर एसआईआर जागरूकता एवं सहायता शिविर 19 नवम्बर को आयोजन किया जाएगा। जिसमें सम्बन्धित भाग के बीएलओ, सुपरवाईजर, बीएलओ सहायतार्थ लगाए गए समस्त कार्मिक, हेल्प डेस्क, सम्बन्धित क्षेत्र का पीईईओ, पटवारी, भू अभिलेख निरीक्षक, सहायक निर्वाचन पदाधिकारी, प्रभारी अधिकारी एसआईआर नगर परिषद धौलपुर के कार्मिक उपस्थित रहेगें। उन्होंनें बताया कि भाग संख्या 190 का अस्थाई पटवार प्रशिक्षण केन्द्र धौलपुर बायां भाग में सोलेह खम्बा, पुराना औद्योगिक क्षेत्र, स्टेशन के सामने, लोको क्वार्टर एवं डिफेन्स कॉलोनी, भाग संख्या 191 का अस्थाई पटवार प्रशिक्षण केन्द्र धौलपुर दायां भाग में भामतीपुरा आंशिक, भाग संख्या 192 का अस्थाई पटवार प्रशिक्षण केन्द्र धौलपुर मध्य भाग में रेल्वे फाटक के पास, चर्च रोड़ भामतीपुरा, भामतीपुरा बढ़ई पोडा, भाग संख्या 193 का महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय बाड़ा हैदरशाह धौलपुर में प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा।

## लहसनपुरा गांव में रास्ते के विवाद को लेकर झगड़ा, दो सगे भाई घायल

### आरोपी एक ही परिवार के चाचा के लड़के

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के लहसन का पुरा गांव में रास्ते को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष के द्वारा दूसरे पक्ष के दो सगे भाइयों पर हमला किया गया है। घटना में घायल दोनों युवकों को बाड़ी अस्पताल भर्ती कराया है। घटना की सूचना पर कंचनपुर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। बाड़ी अस्पताल में भर्ती झगड़े में घायल रामबाबू ने बताया कि गांव में परिवार के ही चाचा के लड़कों से रास्ते को लेकर विवाद हुआ है। उक्त विवाद में जब वे रास्ते से निकल रहे थे तो घेसुआ गांव की तरफ शमशान की ओर जा रहे रास्ते पर आरोपियों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमले के दौरान रामबाबू और उसका बड़ा भाई सीताराम पुत्र ज्वाला सिंह गुर्जर घायल हुए हैं। घायलों को परिजनों द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना को लेकर कंचनपुर थाने में रिपोर्ट दी है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र 79 धौलपुर में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यकम 2026 4 नवम्बर से प्रारंभ किया जा चुका है। जिसके सफल संचालन, कियान्वयन हेतु 19 नवम्बर को दोपहर 2 बजे निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह की अध्यक्षता में सीबीईओ धौलपुर तथा सैपऊ, समस्त पीईईओ विधानसभा क्षेत्र धौलपुर की बैठक का आयोजन नगर परिषद सभाकक्ष मचकुण्ड रोड़ धौलपुर पर किया जा रहा है। जिसमें फील्ड में बीएलओ की सहायता करने, मतदाताओं की मैपिंग करने, परिगणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण करने तथा ऑनलाइन परिगणना प्रपत्र भरने तथा परिगणना प्रपत्र में वर्ष 2002 की जानकारी खोजने आदि के संबंध में बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में उपस्थित नहीं होने पर निर्वाचन नियमों के तहत कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

## विद्यार्थी समाज एंव देश की अमूल्य धरोहर हैं, इनकी जरूरतों का ध्यान रखना आवश्यक - महेश शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूबरा के जरूरत मंद विद्यार्थियों व कुक कम हैल्पर्स को शिक्षक नेता राजेश शर्मा ने भामाशाह बन गर्म वस्त्र प्रदान किए गए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी महेश शर्मा मौजूद रहे जबकि समारोह की अध्यक्षता अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिवदत्त शर्मा द्वारा की गई। समारोह की शुरुआत में स्कूल स्टाफ रमाकांत त्यागी, आशीष शर्मा, शिक्षक नेता राजेशशर्मा, रामनरेश, साधना गहलोत, कृष्णा पारीक, सुमन मीणा, अमिता, दुर्गेश राजपूत ने अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं साफा बांधकर स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महेश शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी समाज एंव देश की अमूल्य धरोहर हैं। इनकी जरूरतों का ध्यान रखना बेहद आवश्यक है। उन्होंने शिक्षक नेता राजेश शर्मा की ओर से स्कूल के विद्यार्थियों को ऊनी स्वेटर प्रदान करने की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी पहल बताते हुए कहा कि जरूरत मंद की मदद करना बेहद पुनीत कार्य होता है। उन्होंने अभिभावकों से छात्रों के समान ही छात्राओं को भी शिक्षा के समान अवसर मुहैया कराते हुए लैंगिक असमानता दूर करने का आव्हान किया।

समारोह के दौरान अतिथियों ने शिक्षक नेता राजेश शर्मा की ओर से उपलब्ध कराए गए कक्षा 1 से 5 तक के 62 छात्र-छात्राओं को ऊनी स्वेटर व कुक कम हेल्पर्स को साल प्रदान की गई।

## पिता-बेटे करते थे 10 साल की नाबालिग से दुष्कर्म, पिता को आजीवन कारावास की सजा

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर में पोक्सो कोर्ट संख्या-2 ने 10 वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। चार साल पहले आरोपी के बेटे को भी इसी नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है। जो जेल में सजा काट रहा है।

### पिता और बेटा दोनों करते थे नाबालिग से दुष्कर्म

पॉक्सो कोर्ट के लोक अभियोजक महाराज सिंह सिनसिनवार ने बताया कि 21 नवंबर, 2016 को जयपुर की एक महिला ने हलैना थाना इलाके के ताजपुर गांव के रहने वाले पिता मूलचंद और उसके बेटे साहब सिंह के खिलाफ अपनी 10 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने पिता और बेटे को गिरफ्तार कर लिया। 30 अक्टूबर 2021 को



कोर्ट ने दुष्कर्म का आरोपी मानते हुए साहब सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने पिता मूलचंद को क्लीन चिट दे दी। जिसके बाद कोर्ट ने मूलचंद के खिलाफ रिट दायर कि, कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए मूलचंद को भी दुष्कर्म का दोषी माना और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### आरोपी की नाबालिग की मां की थी जान पहचान

पॉक्सो कोर्ट के लोक अभियोजक महाराज सिंह सिनसिनवार ने बताया कि नाबालिग की मां और मूलचंद की पत्नी के बीच जान पहचान थी। नाबालिग की मूलचंद की पत्नी से मिलने के लिए ताजपुर गांव आया जाया करती थी। 20 नवंबर 2016 महिला जयपुर से अपनी दो बेटियों के साथ ताजपुर गांव आई थी। रात को वह ताजपुर गांव में रुकी थी। रात को महिला को अपनी 10 साल की बेटी की रोने की आवाज आई। तब नाबालिग की मां उसे देखने के लिए कमरे में गई।

### बेटी के चिल्लाने की आवाज सुन महिला को घटना का पता लगा

नाबालिग खून से लथपथ थी। तब नाबालिग ने अपनी मां को बताया की साहब सिंह ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। महिला अपनी दोनों बेटियों को लेकर जयपुर जाने लगी तो, मूलचंद ने महिला को रोक लिया।

उसी रात नाबालिग ने अपनी मां को बताया की साहब सिंह का पिता मूलचंद भी उसके साथ दुष्कर्म करता है। मूलचंद ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया है।

## डॉ. गर्ग दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे भरतपुर

### विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेकर की जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर भरतपुर पहुंचे। जहां उन्होंने विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शिरकत की। डॉ. गर्ग ने मंगलवार को दौरे के दौरान शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित हुये विभिन्न वैवाहिक समारोह में षिरकत की। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को भी सुनकर समाधान कराने का विश्वास दिलाया। डॉ. गर्ग ने रणजीत नगर कार्यालय पर भी जन सुनवाई की और समस्याओं का समाधान कराने के लिये अधिकारियों को निर्देषित किया।



डॉ. गर्ग बुधवार को भी भरतपुर दौरे पर रहेंगें और रणजीत नगर कार्यालय पर प्रात: 9 से 11 बजे तक जन सुनवाई करेंगे। वे इसी दिन ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में भी पहुंचकर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे और विकास कार्यों का अवलोकन करेंगे।

## वरुण सोलंकी बने एबीवीपी के बृज विश्विद्यालय के इकाई अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद भरतपुर की ओर से मंगलवार को ब्रज विश्विद्यालय इकाई का गठन कर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। गठन विभाग संयोजक दौलत शर्मा ने बताया कि विद्यार्थी परिषद हर वर्ष कॉलेज कैम्पस में नवीन इकाई का करती है। विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जो युवाओं को सामाजिक संवेदना जागृत कर सेवा के माध्यम से राष्ट्र हित में अपना जीवन समर्पित करने की भावना का संचार करता है। द्वि जिला संगठन मंत्री बलवीर सैनी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद की कार्य पद्धति नीति नीति व यात्रा के बारे में बताया गया किस प्रकार से विद्यार्थी परिषद छात्र समुदाय के लिए कैंपस व विद्यालयों में काम करता है और ज्ञान,शील,एकता के साथ युवाओं में राष्ट्रीयता का संचार करने वाले एवं राष्ट्र पुन:निर्माण के




प्रति पूर्णत: समर्पित, छात्रों की समस्या का समाज की सहभागिता से समाधान के लिए संकल्पित, संस्कारी छात्र शक्ति का निर्माण कर रहे विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन विद्यार्थी परिषद का पुन: निर्माण का अध्याय वाक्य लेकर समाज महाविद्यालय में काम कर रहा है। प्रान्त सहमंत्री नितेश हंतरा ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें इकाई अध्यक्ष वरुण सोलंकी को बनाया। इकाई सचिव मोहित कुमार, इकाई उपाध्यक्ष मन्नू फौजदार, को बनाया है। कार्यकारिणी गठन के बाद इकाई अध्यक्ष वरुण सोलंकी के नेतृत्व में कार्यकारिणी ने विश्विद्यालय कैम्पस में महाराजा सूरजमल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर दुष्यंत बांसी, पवन चिकसाना, सौरव पाराशर, आदि मौजूद रहे।

## भरतपुर संभाग में आईस्टार्ट आइडियाथॉन 2025 का सफल आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग तथा आईस्टार्ट राजस्थान द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय आईस्टार्ट आइडियाथॉन 2025 प्रतियोगिता का भरतपुर संभागीय फिनाले मंगलवार को इंजीनियरिंग कॉलेज भरतपुर में आईस्टार्ट इन्क्यूबेशन सेंटर, भरतपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन एवं संचालन राजस्थान नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग विवेक कुमार, विशिष्ट अतिथियों में जिला उद्योग केंद्र के जॉइंट कमिश्नर चंद्रमोहन गुप्ता, प्रिंसिपल इंजीनियरिंग कॉलेज धवल व्यास, एसीपी सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग पुष्पेन्द्र सिंह, डिविजन इन्क्यूबेशन सेंटर, आईस्टार्ट परियोजना हरि मोहन शर्मा एवं फाउंडर स्किलोनशन एडटेक प्राइवेट लिमिटेड राघव शर्मा ने शिरकत की। फाइनल राउंड का मूल्यांकन विशेषज्ञों के जूरी पैनल द्वारा किया गया, जिसमें डॉ. करुणा गौर, डॉ. मुकेश कुमार, अरविंद सिंह चौधरी, मनु विजय और गौरव गुप्ता सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में स्किलोनशन एडटेक प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर एवं सीईओ राघव शर्मा ने कहा कि विकसित भारत एवं विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में युवाओं के नवाचार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आइडियाथॉन विद्यार्थियों को स्टार्टअप इकोसिस्टम से जोड़कर उनके विचारों को वास्तविक समाधान में परिवर्तित करने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है।

### पुरस्कार परिणाम-

कार्यक्रम में होली मदर पब्लिक स्कूल को महिलाओं के मासिक धर्म स्वास्थ्य में नवाचार टीम को प्रथम पुरस्कार 25 हजार रुपये, उन्नत क्रिटिकल केयर टेक डिवाइस टीम को द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रुपये एवं यात्रियों के लिए अभिनव हीट बैग टीम को तृतीय पुरस्कार 10 हजार प्रदान किये। कार्यक्रम का संचालन प्रो. प्रमोद ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन आईस्टार्ट इनक्यूबेशन सेंटर के आआईसी हरि मोहन शर्मा ने दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संदीप, यशपाल, सौरभ, आरकेसीएल टीम, आईस्टार्ट टीम, स्किलोनशन किड्स टीम तथा इंजीनियरिंग कॉलेज भरतपुर के वॉलंटियर्स का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जिले में नशामुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गतिविधियां

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशीली दवाओं की मांग से निपटने के लिए 15 अगस्त 2020 से नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा 18 नवंबर को गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में नशामुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य अभियान की उपलब्धियों को उजागर करना, सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाना और नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में हमारे सामूहिक प्रयासों को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशानुसार जिला स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन संबंधित विभागो द्वारा किया गया। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि जिले में संचालित राजकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में नशामुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किये गये समारोह में विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी ऑनलाईन वेबएक्स लिंक द्वारा अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने प्रोजक्टर के माध्यम से समारोह को दिखाया गया। जिले में विभाग के सभी राजकीय छात्रावासों में आवासरत छात्र-छात्राओं ने नशे के खिलाफ ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से और ऑफलाइन शपथ ली साथ ही जिले में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं राजकीय आद्यौगिक प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा अध्ययनरत सभी छात्रों को नशे के खिलाफ ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से और ऑफलाईन शपथ दिलवायी गयी। डाइट धौलपुर में आयोजित एक महत्वपूर्ण टीचर्स ट्रेनिंग कार्यक्रम में सीडीईओ महेश मंगल द्वारा नशामुक्ति भारत अभियान की 5वी वर्षगांठ के अवसर पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता फैलाने लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर सभी को नशे के विरूद्ध शपथ भी दिलवाई गयी।

जिसमें सभी शिक्षकों ने नशे से दूर रहने, इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने और समाज मे सकारात्मक बदलाव लाने के लिए शपथ ली।

## साधु के वेश में बदमाशों ने वृद्ध किसान से की लूट, गाड़ी से घसीटने पर गंभीर घायल



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** थाना हरसौरा क्षेत्र के कोलाण की घाटी के पास एक वृद्ध किसान से लूटपाट की सनसनीखेज घटना सामने आई है। घटना भगवान देवनारायण मंदिर के सामने हुई, जहां अलवर की ओर से आई सफेद रंग की कार अचानक रुकी। कार में मौजूद ड्राइवर और साधु के वेश में छिपे बदमाश ने सडक़ पर खड़े वृद्ध किसान से बानसूर का रास्ता पूछा और साथ ही 10 की मांग की। किसान ने मानवीय भाव से रास्ता भी बताया और राशि भी दे दी, लेकिन तभी बदमाश ने किसान के पास रखे लगभग क्रह्य.13,000 छीन लिए। जब बदमाश कार लेकर फरार होने लगे तो किसान लक्ष्मण गुर्जर ने हिम्मत दिखाते हुए कार के शीशे से लटककर उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान बदमाशों ने उन्हें कई सौ मीटर तक गाड़ी के साथ घसीटा, जिससे वे सडक़ पर गिरते ही गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल किसान को तुरंत कोटपूतली स्थित बीडीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि लूटी गई राशि किसान की पेंशन थी, जिस पर उनकी आजीविका निर्भर थी। कुछ स्थानीय लोगों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी वारदातें क्षेत्र में राहगीरों को रास्ता बताने में हिचक पैदा कर रही हैं। वहीं, हरसौरा थानाधिकारी प्रकाश सिंह ने बताया कि अभी तक पीडि़त की ओर से कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और बदमाशों की तलाश में टीमों को लगा दिया गया है।

## एसआईआर प्रक्रिया पर कांग्रेस की कड़ी निगरानीः नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित स्पेशल इंटेंसिव रिविजऩ से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक में भाग लिया। बैठक के बाद जूली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की स्पष्ट मान्यता है कि मतदाता सूची पूरी तरह से शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित होनी चाहिए। इसमें किसी भी फर्जी नाम का प्रवेश न हो और किसी भी वैध मतदाता का नाम न कटे यह हमारी प्राथमिक प्रतिबद्धता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में चल रही एसआईआर प्रक्रिया पर पार्टी की पूरी नजर है और कांग्रेस मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा को लेकर पूर्णतः संकल्पबद्ध है। जूली ने कहा कि राजस्थान में किसी भी प्रकार से वोट चोरी न हो, इसको लेकर पार्टी के सभी बीएलए पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी सतर्कता के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहे, एसआईआर प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, दबाव या अनियमितता न हो, तथा पूरी प्रक्रिया निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हो।

## पीएम स्वनिधि योजना स्वनिधि संकल्प अभियान शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशानुसार मंगलवार को राजगढ़ नगरपालिका सीमा में सम्मिलित किए गए ग्रामीण क्षेत्रों में पीएम स्वनिधि योजना स्वनिधि संकल्प अभियान आयोजित किया गया। मंगलवार को पुराना राजगढ़ अटल सेवा केन्द्र पर शिविर आयोजित हुआ। शिविर प्रभारी सीओ मिनाक्षी मिश्रा ने बताया की शिविर में पीएम स्वनिधि योजना हेतु पात्र लोगो का पंजीकरण किया जा रहा है। योजना में पात्र लोगो को बैंक के माध्यम से ॠण उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिसके प्रथम चरण में 15 हजार रुपये, द्वितीय चरण में 25 हजार रूपये तथा तृतीय चरण में 50 हजार का ॠण उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके साथ ही भारत सरकार की आठ योजनाओ से संबंधित पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण किया जा रहा है। मंगलवार को आयोजित शिविर में 15 पंजीकरण किए गये। शिविर में कनिष्ठ लिपिक रितिक, सहप्रभारी महावीर सैन, मनोज शर्मा, गीता देवी व पात्र आवेदक मौजूद रहें।

## सरकारी स्कूल के बच्चों को बांटी जर्सी



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जेएमसीसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड अलवर के सौजन्य से मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ग्राम बालेटा में स्कूल पढऩे वाली सभी बालिकाओं के लिए गर्म जर्सी का वितरण किया गया। इस मानवीय पहल से जरूरतमंद बच्चियों को सर्दियों से बचाव के लिए गर्म जर्सी मिली। आयोजन दौरान, जेएमसीसी के डायरेक्टर झाबरमल यादव की और से रामनिवास यादव ,इंजीनियर अशोक गुप्ता मेटी , क्षितिज ,नवीन ,परचेज मैनेजर लोकेश यादव विशेष रूप से बालिका स्कूल बालेटा पहुँचे। उन्होंने सभी बालिकाओं को स्कूल प्रिंसिपल संगीता गौड़ के निर्देशानुसार सभी बालिकाओं को जर्सी वितरित की।

**अधिकारियों, व्यापारियों की बैठक लेकर व फील्ड विजिट कर प्याज विपणन के संबंध में दी जानकारी**

# प्याज की स्थिति का आंकलन करने केंद्रीय दल पहुंचा

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के विभिन्न विभागों द्वारा गठित केंद्रीय दल के अधिकारी उप कृषि विपणन सलाहकार विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय श्री बी.के पृष्टि, उप निदेशक उद्यान तकनीकी प्रभाग डॉ. बी.डी निगम, उप निदेशक समन्वित कीट प्रबंधन श्री अर्जुनाल बैरवा, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी मूल्य निगरानी प्रभाग श्री चिराग भाटिया, वरिष्ठ उद्यान अधिकारी श्री ए.के सिंह ने अलवर के दौरे पर रहकर जिले में खरीफ प्याज की स्थिति का आंकलन करने हेतु भ्रमण किया। इस दौरान केंद्रीय दल के अधिकारियों द्वारा कृषि उपज मंडी सभागार में अधिकारियों, प्याज विपणन से जुडे व्यापारियों की बैठक ली।

बैठक में केंद्रीय दल के अधिकारियों ने जिले में खरीफ प्याज के उत्पादन, वर्तमान भाव, भण्डारण इत्यादि की विस्तृत समीक्षा की तथा व्यापारियों एवं प्याज कृषकों से खरीफ प्याज के भण्डारण एवं भाव सुधार के संबंध में फीडबैक लिया। साथ ही प्याज के भाव सुधार एवं परिवहन हेतु केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इसके उपरान्त केंद्रीय दल के अधिकारियों द्वारा पंचायत समिति मालाखेडा के महुवाखुर्द, महुआकलां एवं पंचायत समिति उमरैण के नांगल, पलखडी, माचडी गांवों में प्याज उत्पादक कृषकों के खेतों का अवलोकन कर प्याज उत्पादन से संबंधित विभिन्न समस्याओं के संबंध में चर्चा कर कृषकों को प्याज उत्पादन से संबंधित नवीन तकनीकों को अपनाने का सुझाव दिया गया। साथ ही कृषकों को प्याज उत्पादन से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु एनपीएसएस एप डाउनलोड करवाया गया। उन्होंने कृषकों को जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा प्याज के निर्यात पर कोई बैन नहीं लगा रखा है। प्याज का निर्यात लगातार जारी है।

इस दौरान उप निदेशक उद्यान श्री कन्हैया लाल मीणा, कृषि उपज मंडी सचिव अंजू जाटव, आत्मा के उप निदेशक श्री राजेन्द्र कुमार खण्डेलवाल, कृषि विज्ञान केंद्र नौगांवा के वैज्ञानिक श्री सुभाष यादव, क्षेत्रीय अनुसंधान निदेशक श्री जी.एल चौधरी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## राजसमंद में अनूठा जलदेवी माताजी का मंदिर, जो लोगों के लिए बना है आस्था और आकर्षण का केंद्र

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागौरा)।** रेलमगरा उपखंड की सांसेरा पंचायत में स्थित जलदेवी माताजी का प्राचीन मंदिर इन दिनों लोगों की आस्था और आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। तालाब के बीचों-बीच निर्मित यह धाम अपनी अनूठी संरचना और धार्मिक मान्यताओं के कारण पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध है। करीब 200 वर्षों से अधिक पुराने इस मंदिर को लेकर उल्लेख है कि यहां माता जी के दो मंदिर स्थित हैं, जिनमें से एक मंदिर वर्ष में दो बार जल स्नान करता है।

तालाब में हर समय पानी भरा रहने से यहां बीते कई वर्षों से सिंघाड़े की खेती होती है। सांसेरा के सिंघाड़े संभाग भर में अपने बड़े आकार और मिठास के लिए पहचान रखते हैं। पानी कम होने पर यहां कमल की खेती भी होती है, जबकि गर्मी के मौसम में मतीरे की पैदावार भी लोगों की रोजी-रोटी से जुड़ी है।

चैत्री नवरात्रा के दौरान यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। भक्त तालाब के पानी में तैरते हुए दीये जलाकर माता से मन्नत मांगते हैं।

शनिवार और रविवार को यहां श्रद्धालुओं की आमद अधिक रहती है। तालाब में लाखों की संख्या में रंग-बिरंगी मछलियां भी तैरती दिखाई देती हैं, लेकिन धार्मिक स्थल होने के कारण यहां मछली पकडऩे पर पूर्ण प्रतिबंध है। पूर्व में तालाब पर कच्ची पाल थी, लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा हाल ही में सुंदर पाल का निर्माण करवाए जाने से यह स्थल अब धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित होने लगा है। प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था और पारंपरिक खेती का संगम सांसेरा का जलदेवी माताजी मंदिर क्षेत्र की पहचान बन चुका है।

## राजेन्द्र चौधरी को सहायक लीडर ट्रेनर होने का मिला गौरव





बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** स्थानीय स्काउट संघ के राजेन्द्र चौधरी को सहायक लीडर ट्रेनर होने का गौरव प्राप्त हुआ है। वहीं नीतू शेखावत व राजेन्द्र चौधरी 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली की ओर से 20 नवम्बर 2025 से 30 नवम्बर2025 तक अपनी सेवाएं देंगे। राजेन्द्र चौधरी को हाल ही में सहायक लीडर ट्रेनर होने का गौरव प्राप्त हुआ था और अब राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से जम्बूरी में सेवा देने का कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली की ओर से स्टाफ में सेवा देने वाले राजेन्द्र चौधरी व नीतू शेखावत बानसूर संघ के पहले स्काउटर हैं जिन्हें यह गौरव प्राप्त हुआ है। दोनों का लीडर ट्रेनर पद पर चयन होना बानसूर विधानसभा क्षेत्र औऱ कोटपूतली बहरोड़ जिले के लिए गौरव की बात है।बानसूर संघ के सभी पदाधिकारीयों ने राजेन्द्र चौधरी को व नीतू शेखावत को जम्बूरी स्थल के लिए चयन होने पर माल्यार्पण कर व गुलदस्ता भेंट के दिल्ली के लिए रवाना किया। यह जानकारी एसएमएस विद्यालय के शारीरिक शिक्षक राजकुमार शर्मा ने दी।

## जिला क्षेत्र के बदमाशों की खैर नहीं, मलिक बने एंटी गेंगेस्टर टॉक्स फ़ोर्स टीम के प्रभारी

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर (धीरज मौर्य)।** वृत्त क्षेत्र के थाना बानसूर में थानाशिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके दबंग पुलिस ऑफिसर सुरेन्द्र मलिक को कोटपूतली बहरोड़ जिले का एंटी गेंगेस्टर टॉस्क फ़ोर्स का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जो कोटपूतली बहरोड़ जिले के नागरिकों के लिए गौरव की बात है। अब जिले भर के बदमाशों औऱ जिला क्षेत्र में अपराध कारित करने वाले बदमाशों की खैरियत नहीं होगी। क्योंकि नियुक्त प्रभारी बानसूर वृत्त क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

उन्होंने अपने कार्यकाल में बदमाशी करने वालों को शिकंजे के पीछे पहुँचाया है यह बानसूर थाना क्षेत्र सहित सम्पूर्ण जिला क्षेत्र के नागरिकों के लिए गौरव की बात है।बदमाशों को वे पहले ही चेतावनी देते रहे हैं कि इलाके में घुसने का प्रयास नहीं करें अन्यथा आपकी खैर नहीं होगी। उनके कार्यकाल में बदमाश इलाका छोडक़र अन्य इलाकों में शरण ले रहे थे लेकिन वांछित अपराधियों के धर पकड़ अभियान में उन्हें भी ढूंढक़र अदालत के सामने पेश किया।मलिक को इस पद पर आशीन होने पर बानसूर थाना क्षेत्र के लोगों ने ख़ुशी का इजहार किया है वहीं लोगों ने पुलिस के आला अधिकारीयों का आभार भी जताया है कि किसी योग्य औऱ काबिल ऑफिसर को इस पद के लिए चुना गया है।

## राजस्थान टेंट डीलर्स किराया व्यवसायीं समिति के सदस्यों का किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** राजस्थान टेंट डीलर्स किराया व्यवसायीं समिति जयपुर के तत्वावधान में जिला टेंट किराया व्यवसायी समिति जिला खैरथल तिजारा के पदाधिकारी ने मंगलवार को राजगढ़ पहुंचकर राजगढ़ रेणी टेंट किराया व्यवसाय समिति की आवश्यक बैठक ली। बैठक में बताया कि 25 दिसंबर व 26 दिसंबर 2025 को होने वाली प्रदेश स्तरीय बैठक तिजारा में आयोजित होगी। उसको सफल बनाने के लिए सभी को आमंत्रण पत्र दिया गया। इससे पूर्व अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में राजगढ़ रैणी टेंट डीलर्स किराया व्यवसायी समिति के अध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, देवी सहाय धामला, नवल किशोर रावत, रामफूल सैनी, मुकेश सैनी,अमरचंद सैनी, राजू सैनी, सुरेंद्र सैनी,अतुल शर्मा, रामचंद्र सैनी तिजारा,श्याम सुंदर यादव आदि मौजूद रहे।



### श्रीचंदपूरा गांव में स्वास्थ्य शिविर में 70 मरीजों की जांच

**राजगढ़(अलवर)।** लूपिन ह्यूमन वेलफेयर एंड रिसर्च फाउंडेशन अलवर के द्वारा मंगलवार को अटल सेवा केंद्र श्रीचंदपूरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड जिला उपाध्यक्ष कृष्ण अवतार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से प्रशिक्षित मेडिकल टीम द्वारा स्वास्थ्य परिक्षण आयोजन किया गया। जिसमें 70 मरीजों की बीपी, शुगर, अस्थमा, बीबीसी आदि की जांच का इलाज किया गया। जिनमे पांच मरीजों को अलवर के लिए रेफर किया गया। शिविर में डॉक्टर रोहित शर्मा द्वारा मरीजों की जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

**मानदेय बढ़ाने व स्थायीकरण की मांग, अक्षय पात्र ठेके पर भी जताया विरोध**

# कुक कम हेल्पर संघर्ष समिति का जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागौरा)।** जिले के सभी सरकारी प्राइमरी स्कूलों में कार्यरत कुक कम हेल्पर महिलाओं ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। मानदेय बढ़ाने, स्थायीकरण करने और न्यूनतम मजदूरी देने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं संघर्ष समिति के बैनर तले एकत्रित हुईं। कुक कम हेल्पर महिलाओं ने बताया कि उन्हें मात्र 2297 रुपये प्रति माह का मानदेय मिलता है, जो नरेगा की न्यूनतम मजदूरी 200 रुपये प्रतिदिन से भी कई गुना कम है। इनके अनुसार इन्हें स्कूलों में स्वच्छ और पौष्टिक भोजन बनाने से लेकर विद्यालय के छोटे-बड़े सभी कार्य करने पड़ते हैं, बावजूद इसके न्यूनतम मजदूरी 100 रुपये प्रतिदिन से भी कम मिलना इनके साथ सरासर अन्याय है।

महिलाओं ने शिक्षा विभाग द्वारा मध्याह्न भोजन योजना का ठेका अक्षय पात्र कंपनी को दिए जाने का भी विरोध किया। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना था कि ठेका व्यवस्था लागू कर उनके रोजगार पर सीधा खतरा पैदा कर दिया गया है, जिससे हजारों परिवारों का जीवन प्रभावित होगा।

### संघर्ष समिति ने दी चेतावनी

मांगों को लेकर रणनीति तय करने के बाद सभी महिलाएं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरने पर बैठ गईं। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आगामी जनवरी माह में प्रदेशभर की कुक कम हेल्पर राजसमंद में विशाल उग्र आंदोलन करेंगी। इस दौरान किसी भी स्थिति की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। कुक कम हेल्पर महिलाओं ने सरकार से शीघ्र मानदेय बढ़ाने, स्थायीकरण करने और ठेका प्रथा समाप्त करने की मांग दोहराई।

# जयपुर एयरपोर्ट पर बम की धमकी, मॉक ड्रिल की गई

## सर्च कर रिस्पॉन्स टाइम नोट किया गया, आपातकालीन तैयारियों की स्थिति देखी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 2 पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की ओर से मंगलवार को मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। बम की धमकी से बचाव के लिए ड्रिल का आयोजन किया गया था। यह ड्रिल एयरपोर्ट के परिसर में रियल टाइम में बम की धमकी में सर्च कर रिस्पॉन्स टाइम नोट करने के लिए किया गया। यह मॉक ड्रिल केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, एयरपोर्ट अफसर, एयरलाइन पार्टनर्स और अन्य हितधारकों की पूर्ण समन्वित भागीदारी में आयोजित की गई। ड्रिल के एक भाग के रूप में टर्मिनल के अंदर डॉग स्क्वायड तैनात किया गया। जबकि संभावित मॉकड्रिल विस्फोटक के सुरक्षित संचालन में मदद के लिए टीसीवी (खतरा रोकथाम वाहन) तैनात किया गया था।

### आपातकालीन तैयारियों का आकलन किया

इस अभ्यास का उद्देश्य हमारी निकासी प्रक्रियाओं की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना, वास्तविक समय में समन्वय का परीक्षण करना और सभी संबंधित टीमों में संकट-प्रतिक्रिया तंत्र को सुदृढ़ करना था। इसने सुधार क्षेत्रों की पहचान करने, संचार प्रवाह को बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने का अवसर प्रदान किया कि सभी प्रोटोकॉल सुरक्षा मानकों के अनुरूप हों। इसका उद्देश्य सुरक्षा संकट की स्थिति में आपातकालीन तैयारियों और प्रतिक्रिया तंत्र का आकलन करना था। यात्रियों को कम से कम परेशानी हो, इसके लिए जेल टीम द्वारा नोटम अवधि के दौरान मॉक ड्रिल की अच्छी तरह से योजना बनाई गई थी। यह अभ्यास सभी आंतरिक और बाह्य हितधारकों की सहायता से विद्यमान प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल के अनुसार सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

### प्रदेश में 5 जिलों में आज शीतलहर का अलर्ट

# फतेहपुर में सबसे टंडी रात, कई शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उत्तर भारत से चल रही बफीर्ली हवा से तापमान में लगातार धीरे-धीरे गिरावट हो रही है। मौसम विभाग ने 18 नवंबर को भी 5 जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में अगले 5 दिन मौसम शुष्क रहने और सर्दी से राहत नहीं मिलने की संभावना जताई है। राजस्थान में आज भी तेज सर्दी रही। बीती रात जयपुर में न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। फतेहपुर का तापमान 5.3, नागौर में 5.5, सीकर में 6.8, दौसा में 7.1, जालोर में 7.2, बारां में 7.9, भीलवाड़ा में 8.9, अलवर में 8.6, पिलानी में 8.8, चित्तौड़गढ़ में 8.3, उदयपुर में 9, झुंझुनूं 9.5 और सिरोही में 7.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

**4 शहरों को छोड़कर सभी में अधिकतम तापमान 30 से नीचे**-पिछले 24 घंटे में शीतलहर से शहरों में दिन में भी तापमान कम रहने लगा। इससे दिन में भी हल्की सर्दी महसूस हो रही है। करौली, प्रतापगढ़ में अधिकतम तापमान 26.4, भीलवाड़ा में 27, अलवर में 26.6, बारां में 27.2, जैसलमेर में 28.4, डूंगरपुर में 28.3, उदयपुर में 27, चूरू में 29.7, कोटा में 27.3, सीकर में 27, जयपुर में 28.4 और झुंझुनूं में 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में दर्ज हुआ।

# IAS- IPS के बीच घमासान

# सुधांश पंत और भास्कर ए. सावंत को अब कोर्ट ले जाएंगे पंकज चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** राजस्थान में चर्चा में बने रहने वाले आईपीएस पंकज चौधरी एक बार फिर अपने तीखे तेवरों को लेकर चर्चा में है। उन्होंने सीनियर आईएएस और पूर्व मुख्य सचिव द्वस् सुधांश पंत और भास्कर ए. सावंत को खिलाफ कोर्ट में याचिका लगाई है।

मामला ट्रेनिंग प्रोग्राम से जुड़ा हुआ है। दरअसल पंकज चौधरी को एक ट्रेनिंग प्रोग्राम में जाना था। ट्रेनिंग को स्पॉन्सर करने वाली संस्था की ओर से निमंत्रण मिलने के बाद पुलिस मुख्यालय ने फाइल भेजकर गृह विभाग से अनुमति मांगी।

आईपीएस पंकज चौधरी को ट्रेनिंग पर जाने की अनुमति वाली यह फाइल दो महीने तक टेबल पर पड़ी रही। इस फाइल पर कोई निर्णय नहीं लिए जाने पर आईपीएस पंकज चौधरी ने अब सीनियर आईएएस सुधांश पंत और भास्कर ए. सावंत के खिलाफ कोर्ट में याचिका दाखिल कर दी है।



**भ्रष्टाचार में जेल गए आईएएस को भेजा था ट्रेनिंग पर**-राज्य सरकार ने इसी वर्ष आईएएस अनिल अग्रवाल को एक ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल होने के लिए मसूरी जाने की अनुमति दी थी। करीब एक महीने तक आईएएस अनिल अग्रवाल मसूरी में आयोजित ट्रेनिंग में शामिल हुए। यह वही अनिल अग्रवाल हैं जो वर्ष 2016 में जेल गए थे। एनआरएचएम (आईईसी) रिश्वत केस में एसीबी ने आईएएस अनिल अग्रवाल को 17 मई 2016 को गिरफ्तार किया था। अगस्त 2016 में वे जमानत पर छूटे। हालांकि बाद में कार्मिक विभाग ने एसीबी को आईएएस अनिल कुमार अग्रवाल के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस चलाने की मंजूरी देने से इंकार कर दिया था।

## आईपीएस पंकज चौधरी ने आईएएस सुधांश पंत और भास्कर ए. सावंत के खिलाफ मोर्चा खोला

जेल की हवा खा चुके IAS को क्यों भेजा ट्रेनिंग पर वर्ष 2009 बैच के आईपीएस पंकज चौधरी ने राज्य के मुख्य सचिव रहे सीनियर आईएएस सुधांश पंत और गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए. सावंत के खिलाफ कोर्ट में याचिका पेश की है। चौधरी ने आरोप लगाया कि पंत और सावंत ने गलत मंशा के चलते पुलिस मुख्यालय की ओर से भेजी गई फाइल को रोका। दो महीने से फाइल गृह विभाग में थी लेकिन कोई निर्णय नहीं लिया गया। चौधरी का कहना है कि इन्हीं दोनों आईएएस अफसरों ने एक भ्रष्ट आईएएस को ट्रेनिंग पर भेजने की सिफारिश की जो भ्रष्टाचार के मामले में जेल जा चुका था और लंबे समय तक सस्पेंड रहा। उन्होंने कहा कि फाइल पर कोई फैसला नहीं लेना नियम विरुद्ध है।

## ट्रेनिंग पर कोलकाता जाना था पंकज चौधरी को

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में आईआईएम का एक ट्रेनिंग प्रोग्राम 17 से 21 नवंबर तक हो रहा है। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम को स्पॉन्सर करने वाली संस्था बीपीआरडी नई दिल्ली की ओर से आईपीएस पंकज चौधरी को नामित किया था। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल होने का न्योता मिलने पर आईपीएस पंकज चौधरी ने कहा कि किसी भी ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल होने के लिए राज्य सरकार की अनुमति जरूरी होती है। ऐसे में पुलिस मुख्यालय की ओर से दो महीने पहले गृह विभाग को फाइल भेजी गई थी। 13 और 14 नवंबर को भी इस संबंध में रिमाइंडर भेजा गया लेकिन फाइल पर कोई फैसला नहीं हुआ और 17 नवंबर से ट्रेनिंग प्रारंभ हो गई।

# अजमेर के मयूर स्कूल के स्टूडेंट से कपड़े उतरवाए

## अश्लील हरकत की, वीडियो बनाए; बिजनेसमैन के बेटे को 3 छात्रों ने पीटा



प्रतिकात्मक फोटो

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( नि.स. )।** अजमेर के मयूर स्कूल में पढ़ने वाले 17 साल के स्टूडेंट को पहले जमकर पीटा गया। उसके पूरे कपड़े उतरवाए और अश्लील हरकत की। उठक-बैठक करवाकर माफी भी मंगवाई गई। इसका वीडियो बनाया गया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। आरोपी तीन स्टूडेंट हैं, जो उसी स्कूल में पढ़ते हैं। पीड़ित और सभी आरोपी 12वीं क्लास के स्टूडेंट हैं। घर वालों को इसकी जानकारी हुई तो थाने में रिपोर्ट दी है। घटना पिछले महीने (अक्टूबर) की है। पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित लड़के पिता बड़े बिजनेसमैन हैं।


### डरा-सहमा रहता था पीड़ित

सिविल लाइंस थानाधिकारी शंभू सिंह के अनुसार- पीड़ित स्टूडेंट (नाबालिग) के चाचा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि उनका भतीजा मयूर स्कूल में पढ़ता है। पिछले कुछ दिनों से वह डिप्रेशन में था। डरा-सहमा रहता था। भतीजे से बात की तब पूरे घटनाक्रम का पता चला।

### पिछले महीने की घटना

चाचा ने बताया- पिछले महीने अक्टूबर में उनका भतीजा स्कूल गया था। छुट्टी के बाद स्कूल से घर आ रहा था। रास्ते में उसके स्कूल के 3 छात्रों ने उसे रोक लिया। उसे एक थड़ी की तरफ ले गए और मारपीट की। भतीजे को धमकी दी कि आज तेरी हीरोगिरी निकाल देंगे।

# वित्त मंत्री ने मार्केट एक्सपर्ट और स्टार्टअप्स के साथ की बैठक



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को पांचवें दौर की प्री-बजट बैठक की, जिसमें देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम के पक्षकारों से आगामी बजट पर इनपुट के लिए चर्चा की गई। वित्त मंत्रालय द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की गई पोस्ट के अनुसार, बैठक स्टार्टअप क्षेत्र में चुनौतियों और अवसरों पर केंद्रित थी, जिसमें प्रतिभागियों ने इनोवेशन, फंडिंग और नियामक ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए।

इससे पहले वित्त मंत्री ने कैपिटल मार्केट के प्रतिनिधियों के साथ प्री-बजट बैठक की थी। इस बैठक का फोकस बाजार से जुड़े लोगों की चिंताओं और उम्मीदों पर केंद्रित था। इस बैठक में वित्त मंत्री के अलावा, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव और मुख्य आर्थिक सलाहकार भी उपस्थित थे। यह प्री-बजट चर्चा वित्त मंत्रालय द्वारा विभिन्न उद्योगों के साथ आयोजित बैठकों की श्रृंखला का हिस्सा है। जानकारी के मुताबिक, वित्त मंत्री मंगलवार को मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात करेंगी। 19 नवंबर को बातचीत बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और इंश्योरेंस (बीएफएसआई) और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों से होगी। वित्त मंत्री 20 नवंबर को हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म इंडस्ट्रीज के सदस्यों और कई लेबर यूनियन के साथ बैठके करेंगी। इसके अलावा, इन्फ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी और शहरी विकास के प्रतिनिधि वित्त मंत्री से 21 नवंबर को मुलाकात करेंगे। पिछले हफ्ते वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश के बड़े अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की थी। इस बैठक में मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन के साथ आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) से कई वरिष्ठ अधिकारी और कई अर्थशास्त्री शामिल हुए। वहीं, वित्त मंत्री ने बुधवार को तीसरी प्री-बजट बैठक की अध्यक्षता की और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के प्रतिनिधियों के साथ आगामी बजट के इनपुट के लिए चर्चा की इस बैठक में केंद्री य वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। प्री-बजट चर्चा के तहत सरकार आने वाले बजट के इनपुट के लिए इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों और अन्य पक्षकारों के साथ लगातार बैठक कर रही है।

# आंध्र प्रदेश मुठभेड़ : शीर्ष कमांडर सहित 6 माओवादी ढेर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारामा राजू जिले में मंगलवार को आंध्र-ओडिशा सीमा क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष माओवादी कमांडर माडवी हिडमा समेत छह माओवादी मारे गए।

### मारेडूमिली जंगल में तीन राज्यों की पुलिस और केंद्रीय बलों की संयुक्त तलाशी के दौरान मुठभेड़ हुई

यह मुठभेड़ मारेडूमिली वन क्षेत्र में उस समय हुई जब छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और ओडिशा की पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवान माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद तलाशी अभियान में लगे हुए थे। मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों में शीर्ष माओवादी कमांडर और भाकपा (माओवादी) केंद्रीय समिति के सदस्य माडवी हिडमा के भी शामिल होने की खबर है।

### हिडमा की संभावित मौत को बड़ी सफलता माना जा रहा है, हालांकि सुरक्षा बलों ने इसकी पुष्टि नहीं की है

माओवादी विरोधी अभियानों में उनकी हत्या को सुरक्षा बलों की एक बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है। सुरक्षा बलों ने अभी तक हिडमा की मौत की पुष्टि नहीं की है, जो पुलिस और अर्धसैनिक बलों पर 26 सशस्त्र हमलों के पीछे था।



### पुलिस सूत्रों के अनुसार, माओवादियों को घेरकर आत्मसमर्पण की चेतावनी देने पर गोलीबारी हुई

**पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह गोलीबारी उस समय हुई जब सुरक्षा बलों ने माओवादियों के एक समूह को घेर लिया और उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। इसके बाद, माओवादियों ने कथित तौर पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे सुरक्षाकर्मियों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। सुरक्षा बल कुछ माओवादियों की तलाश में अभियान जारी रखे हुए थे, जिनके जंगलों में गहरे भाग जाने का संदेह था।**

### यह मुठभेड़ आंध्र प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के त्रि-जंक्शन बिंदु के पास हुई

यह मुठभेड़ आंध्र प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के त्रि-जंक्शन बिंदु के पास हुई।हिडमा को भारत में सबसे वांछित माओवादी कमांडर माना जाता था। 43 वर्षीय हिडमा पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) बटालियन की बटालियन संख्या एक का प्रमुख है, जिसे सबसे घातक माओवादी हमला इकाई कहा जाता है। 50 लाख का इनामी हिडमा बस्तर का एकमात्र आदिवासी माओवादी नेता था और 2010 में सीआरपीएफ के 76 जवानों की हत्या का आरोपित माना जाता था 50 लाख रुपए का इनामी हिडमा, भाकपा (माओवादी) केंद्रीय समिति में छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र का एकमात्र आदिवासी था। उसे 2010 में दंतेवाड़ा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 76 जवानों के नरसंहार का मास्टरमाइंड बताया गया था। यह भारत में सुरक्षा बलों पर माओवादियों द्वारा किया गया सबसे घातक हमला था।

# 25 नवंबर को राममंदिर में मोदी करेंगे ध्वजारोहण

## भागवत आएंगे, अमिताभ-सचिन समेत कई हस्तियों को न्योता; आम लोगों को एंट्री नहीं

बढ़ता राजस्थान

**अयोध्या।** अयोध्या के राममंदिर के शिखर पर ध्वज फहराने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 25 नवंबर को क्वरू नरेंद्र मोदी बटन दबाकर ध्वज को फहराएंगे, उनके साथ मोहन भागवत भी मौजूद रहेंगे। इसके लिए 12 बजे से 12.30 बजे के बीच अभिजीत मुहूर्त तय किया गया है। बटन दबाने के बाद 10 सेकेंड में ही ध्वज हवा में फहराने लगेगा। केसरिया रंग के खास ध्वज पर सूर्य, और कोविदार (अयोध्या का शाही वृक्ष, जो कचनार के नाम से जाना जाता है) के प्रतीक बने हुए हैं। ये सभी चिह्न सूर्यवंश के प्रतीक है। ध्वज को वैदिक मंत्रों के बीच सलामी दी जाएगी। ध्वज फहराते ही मंदिर परिसर में घंटे-घड़ियाल बजने लगेंगे। वहीं, राममंदिर के शिखर पर मंगलवार को ध्वजा फहरा कर ट्रायल किया गया। इसके अलावा ध्वजारोहण समारोह की तैयारियां देखने सीएम योगी भी अयोध्या पहुंचे। राम मंदिर के 161 फीट ऊंचे शिखर पर 42 फीट ऊंचा स्तंभ स्थापित किया गया है। इसी स्तंभ पर 22 फीट लंबी और 11 फीट चौड़ी पताका फहराएगी, जो 3केमी दूर से दिखेगी।



### ऑटोमैटिक फ्लैग होस्टिंग से ध्वज बदलेगा

ध्वज फहराने के लिए ऑटोमैटिक फ्लैग होस्टिंग सिस्टम लगाया गया है। ध्वज बदलने के लिए भी इस सिस्टम की मदद ली जाएगी। हालांकि, ट्रस्ट ने अभी ये नहीं क्लियर किया है कि कितने-कितने अंतराल के बाद ये ध्वज बदला जाएगा। हवा के बहाव के साथ ध्वज 360 डिग्री पर घूम सकेगा।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण

किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार